वर्ष- 21 अंक - 217 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

## मेयर के पद पर शिंदे ने ठोंका दावा

**मुंबई.एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संकेत दिया कि शिवसेना मुंबई के मेयर पद का दावा कर सकती है। उन्होंने इसे पार्टी संस्थापक बाल ठाकरे के जयंती वर्ष में सम्मान का प्रतीक बताया। शिंदे ने कहा कि यह मांग कुछ शिवसैनिकों की भावनाओं को दर्शाती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुंबई में महायुति गठबंधन का मेयर होगा। मेयर पद को लेकर चल रहे गतिरोध सुलझाने के लिए शिंदे दिल्ली भी जा सकते हैं। इसी क्रम में शिवसेना और भाजपा नेताओं के बीच आज बैठक प्रस्तावित है।

## बांग्लादेश में अब अफसर को पीट-पीटकर मार डाला

**ढाका.एजेंसी।** बांग्लादेश के चटगांव इलाके में सलीमपुर क्षेत्र में अपराधियों के एक झुंड ने रैपिड एक्शन बटालियन की टीम पर हमला कर एक अधिकारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। जबकि तीन अन्य को घायल कर दिया।

# अश्लील वीडियो पर सस्पेंड हुए कर्नाटक डीजीपी रामचंद्र राव

### बेटी रान्या राव स्मगलिंग में हो चुकी है गिरफ्तार





**बेंगलुरू ● एजेंसी**

कर्नाटक के डीजीपी और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव को सस्पेंड कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर उनके कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। रामचंद्र राव कर्नाटक में डीजीपी (सिविल राइट्स एन्फोर्समेंट) के पद पर तैनात थे। वीडियो में कथित रूप से रामचंद्र राव को अलग-अलग महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करते देखा गया था।

हालांकि, रामचंद्र राव ने सभी आरोपों को साफ तौर पर खारिज किया है। उन्होंने कहा कि ये वीडियो पूरी तरह फर्जी और झूठे हैं।

रामचंद्र राव वो ही अधिकारी हैं जिनकी बेटी और एक्ट्रेस रान्या राव कर्नाटक के सबसे बड़े गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तारी हुई थी।



## अभिनेता गोविन्दा लेंगे पत्नी से तलाक

**मुंबई.एजेंसी।** अभिनेता गोविन्दा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। सुनीता ने गोविंदा पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया है, जिसके कारण इनकी 40 साल पुरानी शादी टूटने की कगार पर है। उधर गोविन्दा ने तमाम आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि मुझे बेइज्जत करने का प्रयास हो रहा है।

## अक्षय कुमार के काफिले की कार टकराई

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई के जुहू इलाके में मंगलवार रात करीब एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसकी चपेट में अक्षय कुमार के काफिले की एक गाड़ी भी आ गई। एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने पहले एक ऑटो रिक्शा को टक्कर मारी, जिसके बाद ऑटो अनियंत्रित होकर अक्षय कुमार की काफिले वाली इनोवा कार से जा टकराया।

# 46 साल पुरानी भाजपा के 12वें अध्यक्ष बने सबसे कम उम्र के नितिन नवीन



### सुबह-सुबह पहुंचे मंदिर और गुरुद्वारा

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन आज औपचारिक रूप से पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभालने जा रहे हैं। पदभार ग्रहण से पहले नितिन नवीन ने आज सुबह मंदिरों में दर्शन-पूजन किया और गुरुद्वारा जाकर मत्था टेका। इसके बाद वे भाजपा मुख्यालय में औपचारिक रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर रहे हैं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, नितिन गडकरी, विभिन्न भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्य भाजपा अध्यक्ष और संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे।

## 389 लोगों का एक ही पिता

**नई दिल्ली.एजेंसी।** चुनाव आयोग की तरफ से सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि पश्चिम बंगाल की कई विधानसभा सीटों पर सैकड़ों मतदाताओं ने एक ही व्यक्ति को अपना पिता दर्ज कर रखा है। आसनसोल जिले की बाराबनी विधानसभा सीट (संख्या 283) में एक व्यक्ति को 389 मतदाताओं का पिता दर्ज किया गया है। वहीं, हावड़ा जिले की बाली विधानसभा सीट (संख्या 169) में एक अन्य व्यक्ति 310 मतदाताओं का पिता बताया गया है। राज्य में सात ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें 100 से अधिक मतदाताओं का माता-पिता दर्ज किया गया है।



अंतिम यात्रा

श्रीमती कंचन बाई एवं स्व.बंशीधर जी गोयल की पुत्रवधु, स्व. किशनगोपाल, सुरेशचन्द्र, सुभाषचन्द्र की अनुज वधु ललित की भाभीजी, आनंद, आशीष, अमित, निमिष की चाचीजी, अक्षय एवं अक्षत गोयल की माताजी मेरी धर्मपत्नि

श्रीमती रीनादेवी गोयल

का बैकुंठवास हो गया है। प्रभुमिलन यात्रा हमारे निवास - B-56 बसंत विहार विजय नगर से आज दि0 20.01.26 को समय 01 बजे सायाजी मुक्तिधाम विजय नगर को प्रस्थान करेगी

शोकाकुल
के. के. गोयल

फर्म : सुभाष ट्रेडर्स, डिवाईन बिल्ड वेल प्रा. लि.
9827242041, 9425400001

## अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराई, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं और 30 से ज्यादा ट्रक फंस गए।

## कोहरे के कारण टकराई 12 गाड़ियां

**बागपत।** उप्र के बागपत में घने कोहरे की वजह से दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड हाईवे पर एक के बाद एक करीब एक दर्जन वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में कार और ट्रक शामिल हैं, जिसमें करीब एक दर्जन लोग मामूली रूप से घायल हो गए।

## गणतंत्र परेड देखने पहुंचेंगे 400 आदिवासी
### नदियों के नाम पर होगी दर्शक दीर्घा

**नई दिल्ली.एजेंसी।** गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए सरकार ने देशभर से करीब 400 आदिवासियों को न्योता भेजा है। इन आदिवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का अवसर भी दिया जाएगा। गणतंत्र दिवस परेड के लिए दर्शक दीर्घा के नाम देश की प्रमुख नदियों ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंगा, गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा, यमुना जैसी प्रमुख नदियों के नाम पर रखे गए हैं। आतंकी खतरे को देखते हुए यहां 10 हजार पुलिसकर्मी 31 सीसीटीवी और एआई की भी तैनाती हो रही है।

## अब 9 बेटियों के बाद जन्मा बेटा



**जींद.एजेंसी।** कुछ दिन पहले हरियाणा के जींद में 10 बेटियों के बाद बेटे के जन्म की खबर सामने आई थी और अब एक बार फिर ऐसा ही मामला जिले के उचाना कलां से आया है, जहां 38 साल की महिला ने 9 बेटियों के बाद अब बेटे को जन्म दिया है। शादी के 24 साल बाद महिला ने 10वें बच्चे को जन्म दिया। बच्चे का नाम दिलखुश रखा गया। जबकि 8वीं और 9वीं बेटी का नाम काफी व माफी रखा था। महिला की दो लड़कियों की शादी हो चुकी है।

## भागीरथपुरा की घटना का असर

# बिजलपुर में निगम लगाएगा 68 लाख का प्लांट

### अब पानी में क्लोरीन की मात्रा पर सबसे ज्यादा दिया जाएगा ध्यान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**भागीरथपुरा में दूषित जल से 24 लोगों की मौत होने की घटना का यह परिणाम रहा है कि अब नगर निगम के द्वारा बिजलपुर में 68 लाख रुपए का प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट के माध्यम से पानी में क्लोरीन की मात्रा की जांच की जाएगी। इस कार्य पर नगर निगम के द्वारा सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है।**

दिसंबर माह के अंत में भागीरथपुरा में नलों से सप्लाई किए गए दूषित पानी के कारण 24 लोगों की मौत हो गई और 400 से ज्यादा बीमार हो गए। इस घटना के 10 बीमार अभी भी अस्पताल में भर्ती है। इनमें से तीन लोग आईसीयू में है और वेंटिलेटर पर है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

इस घटना के बाद इंदौर नगर निगम के द्वारा वापस से इस तरह का हादसा नहीं हो यह सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर काम शुरू किया गया है। इसके तहत निगम की ओर से बिजलपुर में नर्मदा पेयजल योजना के कंट्रोल रूम पर 68 लाख रुपए का प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट के माध्यम से पानी में क्लोरीन की स्थिति का ऑटोमेटिक परीक्षण किया जा सकेगा। पानी की शुद्धता को बनाए रखने के लिए उसमें पर्याप्त मात्रा में क्लोरीन होना आवश्यक है। यही कारण है कि नगर निगम के द्वारा इस प्लांट को लगाने का फैसला लिया गया है।

शनिवार के दिन नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक ने नर्मदा पेयजल योजना के अंतर्गत सप्लाई की स्थिति को समझने के लिए वॉचू पॉइंट से लेकर इंदौर तक का दौरा किया था। इस दौरे के दौरान उन्होंने अलग-अलग स्थान पर पानी की स्थिति को देखा था। इस दौरे के दौरान ही इस बात का फैसला लिया गया था कि बिजलपुर के कंट्रोल रूम पर इस तरह का ऑटोमेटिक प्लांट लगाया जाना चाहिए।

इंदौर शहर में नर्मदा पेयजल योजना के अंतर्गत जो पानी सप्लाई किया जाता है वह सारा पानी नर्मदा के बिजलपुर के कंट्रोल रूम से ही आता है। नर्मदा योजना के अधिकारियों का कहना है कि इस प्लांट को लगाने के कार्य में 2 महीने का समय लगेगा इसके लिए नगर निगम के द्वारा टेंडर की प्रक्रिया शुरू करते हुए इच्छुक कंपनियों को इस कार्य के लिए बुला लिया गया है। जिन कंपनियों के द्वारा इस कार्य को करने में अपनी रुचि व्यक्त करते हुए अपना ऑफर दिया जाएगा उनके ऑफर को नगर निगम के द्वारा 18 फरवरी को खोला जाएगा।

### निरंतर ध्यान देंगे

अब नगर निगम के द्वारा यह फैसला लिया गया है की गुणवत्ता की स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए उस पर निरंतर ध्यान देना है। कहीं भी किसी भी हालत में पानी में क्लोरीन की मात्रा को कम नहीं होने देना है।क्लोरीन के माध्यम से ही पानी की शुद्धता सुनिश्चित हो जाती है। यदि यह ऑटोमेटिक सिस्टम लग जाएगा तो पानी की शुद्धता को लेकर सारे संदेह दूर हो जाएंगे।

## महापौर, एमआईसी सदस्य रहे शिविर में मौजूद



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा पांच के वार्ड 45 में संकल्प से समाधान शिविर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाडिया भी मौजूद रहे। 'संकल्प से समाधान अभियान' चल रहा है जो 31 मार्च तक चलेगा। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले और हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिले इसके प्रयास भी किए गए।

### वार्ड 69 में भी हुआ आयोजन

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के वार्ड 69 में भी संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन पार्षद नीता-रामबाबू राठौर द्वारा लगवाया गया। एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाडिया ने भी शिरकत की। यह अभियान चार चरणों में चलेगा। झोनल अधिकारी अभिषेक सिंह, दौलत सिंह गुंडिया ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।





## विधायक के साथ कांग्रेस नेता पहुंचे शिर्डी सांईबाबा दरबार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्द्धन सिंह के साथ इन्दौर के कांग्रेस नेता सुवेग राठी, विधायक हेमंत ओंगले शिर्डी पहुंचे और शिर्डी के सांईबाबा मंदिर परिसर में आस्था की दरकार के साथ आशीर्वाद लिया गया।

## जिला कांग्रेस ने देपालपुर में बनाए 27 पंचायत स्तर समिति अध्यक्ष

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जिला कांग्रेस लगातार ग्राम पंचायत स्तर पर समिति का गठन कर रही है, पहले भी तीन सूची कांग्रेस ने 64 अध्यक्षों की जारी की थी अब चौथी सूची में देपालपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत स्तर समिति अध्यक्षों की घोषणा की गई। चौथी सूची में केवल अभी देपालपुर क्षेत्र के ही 27 पंचायत स्तर समिति की घोषणा की गई। इस तरह कुल 91 नामों की घोषणा चार बार में जिला कांग्रेस ने की है।

## ताई और सावरकर ने दिए सार्थक उदबोधन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्वातंत्र्यवीर सावरकर के जीवन पर आधारित सावरकर विचार दर्शन ग्रंथ चार पुस्तक खंडों का लोकार्पण पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन एवं सात्यकी सावरकर के हाथों से किया गया। महापौर और सावरकर ने उदबोधन भी दिए। इस अवसर पर कीर्तीश धामारीकर शास्त्री, अजय करंदीकर, श्रीकांत केळकर, डॉ सुनंदा देवळे सहित अन्य मौजूद थे।

## निगम की उपेक्षा से हराभरा बगीचा हुआ उजाड़ और वीरान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।







नार्थ राजमोहल्ला में नगर निगम जोन क्रमांक 2 से लगे हुए बगीचे जो कि पहले हराभरा और व्यवस्थित था, जिसे महापौर ने 15अगस्त को घोषणा की थी कि इस गार्डन को यूरेशिया गार्डन बनाएंगे। उसके बावजूद भी पिछले एक माह से बगीचे की दीवार तोडी गई, पेव्हर ब्लाक निकालकर गार्डन में ही छोड दिए गए है। अब काम भी रुका हुआ है जिससे पूरा बगीचा उजड़ा हुआ दिख रहा है, इस नार्थ राजमोहल्ला के अलावा आसपास की कालोनियों के लोग स्वास्थ्य लाभ लेने सुबह-शाम यहां पहुंचते है लेकिन वे दीवार और बगीचे की हालत देखकर नाराज भी है और दुखी भी है। लोगों का घूमना, योग करना, हास्य करना सब रुका पडा है, बच्चे बगीचे में खेल नहीं पा रहे है। जनप्रतिनिधियों को भी शिकायत की और बगीचे से सटे झोन कार्यालय में भी जिम्मेदारों को शिकायतें की लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा है। जबकि नार्थ राजमोहल्ला पॉश कालोनी है यहां के रहवासियों का कहना है कि अच्छा खासा सम्पत्तिकर यहां के रहवासी देते है और बदले में खराब बगीचा लोगों को दिखाई दे रहा है। हरियाली समाप्त होती जा रही है, रहवासियों ने चेतावनी दी कि जल्द समस्या का हल नहीं हुआ तो राज मोहल्ला के सभी गलियों के रहवासी मिलकर प्रदर्शन करेंगे।

## क्रेडाई का चार दिवसीय 'प्रॉपर्टी शो'

### 23 से 26 जनवरी तक सी-21 ग्राउण्ड पर होगा आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रियल एस्टेट डेवलपर्स की देशभर में प्रतिष्ठित क्रेडाई संस्थान के इंदौर चैप्टर द्वारा चार दिवसीय प्रॉपर्टी शो का आयोजन 23 से 26 जनवरी को एमआर-10 सी 21 ग्राउंड पर किया जाएगा। शहर में इस बहुप्रतीक्षित प्रॉपर्टी शो में 50 से अधिक डेवलपर्स की शिरकत रहेगी। इसके साथ ही रियल एस्टेट के 200 से अधिक प्रोजेक्ट्स के विभिन्न एवं विकल्प कई अतिरिक्त ऑफर्स एवं सौगातों के साथ





शहरवासियों के लिए यहां उपलब्ध रहेंगे क्रेडाई इन्दौर के चेयरमैन विजय गाँधी ने बताया कि, ''क्रेडाई प्रॉपर्टी शो में शहरवासियों की पसंद एवं बजट को विशेष महत्व दिया जाएगा। यहां लक्ज़ीरियस लिविंग ऑप्शन्स एवं किफायती होम्स की आकर्षक रेंज प्रदेश के प्रतिष्ठित बिल्डर्स द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। प्रेजेंटिंग पार्टनर एमरल्ड ग्रुप, माइक्रो मिट्टी गोल्ड स्पॉन्सर : स्काय अर्थ, लाभम, एम. झवेरी, एसएस इन्फिनिटस सिल्वर स्पॉन्सर : रुचि रियल्टी, शुभम ग्रुप, बीसीएम ग्रुप, ड्रीम ग्रुप। क्रेडाई इंदौर के प्रेसिडेंट श्री संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि, क्रेडाई द्वारा प्रॉपर्टी शो अपने आप में एक अनोखा इवेंट है। प्रॉपर्टी के विविध ऑप्शंस के साथ यहां शहरवासियों के लिए उनके सपनों को साकार करने हेतु फाइनेंस सम्बन्धी सुविधाएँ भी उपलब्ध रहेंगी। क्रेडाई इंदौर के सेक्रेटरी सुमित मंत्री ने कहा, कि विजिटर्स के लिए विशेष लकी ड्रा भी रखा गया गया है जिसमें की हर 3 घंटे में एक भाग्यशाली विजेता को मिलेगा शानदार आई पैड. और चूँकि इस समय होम लोन दर सबसे कम है, सिंहस्थ के समय आने वाले प्रॉपर्टी बूम के पूर्व की कीमते चल रही है और इसमें सभी प्रतिभागी बिल्डर्स ने अपने बेस्ट ऑफर्स और प्रोजेक्ट्स डिस्प्ले किए हुए है तो इंदौर में यदि कोई प्रॉपर्टी लेना चाहता है तो यही सर्वश्रेष्ठ चार दिन है ।क्रेडाई फेयर के दौरान ही सेमिनार हॉल में विशेष कॉन्क्लेव होंगे।

# निगम के 22 राजस्व अधिकारियों ने अपने अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा

## अब इन अधिकारियों को आयुक्त से मिलाकर मामले को जोर देने की कोशिश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। इंदौर नगर निगम के हर जोनल कार्यालय पर तैनात राजस्व अधिकारियों ने अपने उच्च अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल लिया है। यह अधिकारी कल नगर निगम आयुक्त से मिलने के लिए गए थे। इन अधिकारियों को आयुक्त कार्यालय के भी एक अधिकारी का समर्थन प्राप्त है।**

नगर निगम में कल से राजनीति का नया दौर शुरू हुआ है। इसके अंतर्गत सभी 22 जोनल कार्यालय पर तैनात सहायक राजस्व अधिकारियों के द्वारा राजस्व विभाग के अपार आयुक्त श्रंगार श्रीवास्तव के खिलाफ मोर्चा खोल लिया गया है। यह सभी सहायक राजस्व अधिकारी कल एकत्रित होकर निगम आयुक्त से मिलने के लिए गए थे। इनका कहना है कि उच्च अधिकारी के द्वारा उन्हें चोर कहा जाता है। उन पर ज्यादा वसूली करके लाने का दबाव बनाया जाता है। उनसे कहा जाता है कि ज्यादा से ज्यादा राजस्व लाइए फोकट की नौकरी नहीं चलेगी। इस तरह से मानसिक दबाव बनाकर उक्त उच्च अधिकारी उन्हें परेशान कर रहे हैं।

ऐसा बताया जाता है कि इन सभी सहायक राजस्व अधिकारियों के अभियान को गति देने में नगर निगम के आयुक्त कार्यालय के एक प्रमुख व्यक्ति का हाथ है। इस व्यक्ति के द्वारा अपने व्यक्तिगत आधार पर कुछ कर्मचारियों को सहायक राजस्व अधिकारी की जिम्मेदारी दिलाई गई है। यह लोग इस समय श्रीवास्तव से परेशान हो रहे हैं। इस स्थिति के चलते हुए यह कदम उठाए जा रहा है।

# फिर राजस्व समिति की बैठक से कर लिया अधिकारियों ने किनारा

## सराफा बाजार को लेकर आयोजित की गई बैठक हो गई स्थगित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम की राजस्व समिति के द्वारा कल आयोजित की गई बैठक से अधिकारियों ने किनारा कर लिया। इसके परिणाम स्वरूप इस बैठक को आज के लिए स्थगित करना पड़ा। अब यह देखना है कि आज भी यह बैठक हो पाती है या नहीं।**

निगम की राजस्व समिति के प्रभारी निरंजन सिंह चौहान गुड्डू के द्वारा कल दोपहर में 4:00 बजे नगर निगम के मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। यह बैठक मार्केट विभाग से संबंधित थी। इस बैठक में सराफा की चौपाटी में लगने वाली दुकानों की सूची को फाइनल किया जाना था। इस बैठक के लिए अधिकारियों को सूचना भी दे दी गई थी। निश्चित समय पर चौहान तो अपने कार्यालय में पहुंच गए थे और अधिकारियों का इंतजार करने लगे थे लेकिन कोई भी बड़ा अधिकारी इस बैठक में भाग लेने के लिए नहीं आया। अलबत्ता इन अधिकारियों के द्वारा अपने अंडर में काम करने वाले छोटे कर्मचारियों को बैठक में भेज दिया गया।

इस स्थिति को देखकर चौहान नाराज हुए। उन्होंने कहा कि छोटे कर्मचारी के दम पर बैठक नहीं करना है। हमें इस बैठक में सराफा बाजार में रात में लगने वाली चा-पाटी में जो दुकान लगेगी उनकी सूची को फाइनल करना है और दुकान लगाने वालों के द्वारा दिए गए दस्तावेजों की जांच करना है। ऐसे में जरूरी है कि सभी महत्वपूर्ण अधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। अधिकारियों की ओर से यह जवाब भेजा गया कि आयुक्त के द्वारा कोई और बैठक रख ली गई है इसलिए वे उस बैठक में जा रहे हैं और राजस्व समिति की बैठक में नहीं आ पाएंगे। जब यह सारी जानकारी चौहान को मिली तो उन्होंने कल की बैठक को कैंसिल कर दिया। अब यह बैठक आज शाम को 4:00 बजे एक बार फिर रखी गई है। इस बैठक में जो स्थिति बनी ऐसी स्थिति भागीरथपुरा की घटना होने के पहले नगर निगम में लगातार बना रही थी। जिसके चलते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच में टकराव के हालात बन गए थे। कल की इस घटना से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि अभी भी हालत में कोई ज्यादा अंतर नहीं आया है। निगम में टकराव की स्थिति बराबर बनी हुई है।



# भाजपा नेता के घर वृंदावन से आए गुरु का हुआ सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा नेता जसराज शर्मा के घर उनके गुरु महाराज परमानंद पटेरिया के साथ वृंदावनधाम से भागवत कथा के लिए आए कथावाचक अरुण कृष्ण शास्त्री, पुष्पेंद्र रिछेरिया, पप्पू पटेरिया सहित अन्य संतों की अगवानी जसराज शर्मा, बर्जेश शर्मा राजू दांगी, राजकुमार बघेल, गुलाब सिंह भदौरिया सहित अन्य परिवारजनों ने उनका स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

# मंत्री विजयवर्गीय के करीबी गोयल को पत्नी शोक

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के करीबी समाजसेवी केके गोयल की धर्मपत्नी रीनादेवी गोयल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे उनके निवास बी-56, बसंत विहार विजयनगर से निकलकर सयाजी मुक्तिधाम जाएगी। भाजपा के कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता, अग्रवाल समाजजनों और बर्तन व्यवसायियों ने भी श्रद्धांजलि दी है।

# भागीरथपुरा में मौत के बाद कैसे हुआ अफसर का प्रमोशन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने भागीरथपुरा में हुई दूषित जल से कई लोगों की मृत्यु और बड़ी संख्या में पीड़ित अस्पताल में दाखिल हुए। इस मुद्दे पर लोगों की नाराजगी भी जाहिर हुई। मुद्दा उठने के बाद सरकार ने आनन-फानन में कुछ अधिकारियों को निलंबित भी किया, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों को तबादला करने के कुछ दिन बाद उनका प्रमोशन भी कर दिया। पटेल ने कहा कि प्रमोशन देकर सरकार ने पीड़ित परिवारों के जख्म पर नमक छिड़का है। इससे सरकार और भाजपा का चाल चरित्र चेहरा नजर आ रहा है।**

# अभिभाषकों के परिजनों को जल्द मिले मृत्यु दावा धनराशि

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना-2012 के अन्तर्गत दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को एक लाख रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। लेकिन विगत दो-वर्षों में दिवंगत हुए अभिभाषकों के परिजनों को यह धनराशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा फण्ड में धनराशि नही भेजने के कारण से अभी तक प्राप्त नही हुई है। इससे दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि अब अभिभाषकों की मृत्यु के बाद उसके नामिनी/परिजनों को मृत्यु दावा धनराशि के रूप में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा ढ़ाई लाख रुपए 250000/- रूपए और मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के अन्तर्गत 250000/- ढ़ाई लाख रुपए दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को प्रदान किए जाएंगे। वर्ष 2019 से मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने तो दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों / नामिनी को ढ़ाई लाख रुपए (250000/- रुपए) प्रदान करना शुरू कर दिया है, लेकिन मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना 2012 के अन्तर्गत मात्र एक लाख रुपए ही प्रदान किए जा रहे है।जिसे वर्ष 2018 में की गई घोषणा के अनुसार बढ़ाकर ढ़ाई लाख रुपए (250000/- रूपए) किये जाने की तीव्र आवश्यकता है। लेकिन विगत दो वर्षों से आवेदन करने वाले सैकड़ों अभिभाषकों के नामिनी /परिजनों को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रदान की जाने वाली ढ़ाई लाख रुपए की धनराशि तो प्राप्त हो गई है, लेकिन मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली एक लाख रुपए की धनराशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के फण्ड में धनराशि नही भेजने के कारण से प्राप्त नही हो सकी है। एडवोकेट गोपाल कचोलिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मृत्युदावा धनराशि शीघ्र प्रदान करने की मांग की है।

# आज फिर से जल सुनवाई पिछली बार की शिकायत पड़ी है लंबित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**राज्य शासन के निर्देश पर आज एक बार फिर इंदौर नगर निगम के सभी टंकी और अन्य चिन्हित स्थानों पर जल को लेकर सुनवाई होगी। पिछले मंगलवार को हुई सुनवाई की बहुत सारी शिकायत लंबित पड़ी हुई है।**

इंदौर में भागीरथपुरा में हुए दूषित जल के मामले के बाद राज्य सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में हर शहर गांव में हर मंगलवार को पानी से जुड़ी शिकायतों को सुनने के लिए अलग से सुनवाई रखने का आदेश दिया गया। इस आदेश के परिपेक्ष में पिछले मंगलवार से जल के लिए सुनवाई अलग से शुरू हो गई। पिछले मंगलवार को इंदौर नगर निगम के पास पानी से संबंधित जो शिकायत आई थी उसमें से कुछ शिकायत का तो तत्काल समाधान कर दिया गया लेकिन बहुत सारी शिकायत बाद में समाधान के लिए पेंडिंग कर दी गई। यह पेंडिंग की गई शिकायत पूरा सप्ताह बीच जाने के बाद भी पेंडिंग ही पड़ी हुई है। इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि इन शिकायतों का समाधान करने के लिए कुछ बड़ा काम करना पड़ेगा और वह काम कर पाना तत्काल तथा बहुत जल्दी में संभव नहीं है।

इसके साथ ही राज्य सरकार की सीएम हेल्पलाइन और इंदौर नगर निगम के 311 एप पर भी पानी नहीं आने अथवा गंदा पानी आने जैसी शिकायतें लगातार आ रही है। इन शिकायतों का समाधान करने की गति पहले के जैसी ही बनी हुई है। अब आज एक बार फिर पानी से संबंधित शिकायतों को सुनने के लिए सुनवाई होगी। इस बार भी सुनवाई में शिकायतें ली जाएगी। जिन शिकायतों के समाधान के लिए पाइपलाइन बदलने या नई पाइपलाइन डालने जैसा काम किया जाना है उन शिकायतों को लंबित ही रखा जा रहा है। यह कोशिश की जा रही है कि इस तरह की शिकायतों के समाधान के लिए कार्य को करने का आदेश जारी किया जाए और किसी ठेकेदार को यह कार्य सौंप दिया जाए।

# क्रिकेट प्रेमियों की दरियादिली....अनिका के लिए दिए साढ़े 3 लाख

## मैच भले ही भारत हारी,लेकिन मदद के हाथों ने जीता दिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मासूम अनिका को दुर्लभ बीमारी से बचाने के लिए माता-पिता और शहर के समाजसेवी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जगह-जगह वह लोगों के साथ मिलकर क्राउड फंडिंग कर रहे है। जिन लोगों से मदद की उम्मीद है, उनके यहां तक पहुंच रहे हैं। हाल ही में इंदौर में हुए क्रिकेट मैच में भी अनिका के लिए क्रिकेट प्रेमियों ने साढ़े 3 लाख का सहयोग दिया।**

अनिका की मां सरिता शर्मा और पिता प्रवीण शर्मा लगातार अपनी बेटी को बीमारी से बचाने के लिए रात-दिन लगे हुए हैं। वे अलग-अलग बाजारों, शो-रूम, धार्मिक आयोजन सहित क्रिकेट के मैच तक में जाकर लोगों की मदद से क्राउड फंडिंग कर रहे हैं। अनिका के पिता प्रवीण शर्मा ने बताया कि रविवार को इंदौर में भारत-न्यूजीलैंड का मैच हुआ था, इसमें भी कई लोगों ने अनिका की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। स्टेडियम के आसपास कई लोग हाथों में पोस्टर और डिब्बे लिए हुए थे, ताकि लोग उसके लिए



फंडिंग करें। उल्लेखनीय है कि अनिका को लगने वाला इंजेक्शन करीब 9 करोड रुपए का है। इसके लिए बीते कई दिनों से शहर में सहयोग की अपील की जा रही है अब तक करीब 4 करोड़ रूपया एकत्रित हो चुका है. जिसमें दो बड़ी राशि भी शामिल है। कुल मिलाकर महंगे टिकट खरीद कर शौक पूरा करने वाले क्रिकेट प्रेमियों ने शहर की बेटी के इलाज के लिए दरियादिली दिखाई और मैच के दौरान 3 लाख 40 हजार से अधिक रुपए का फंड एकत्रित किया। मैच भले ही भारतीय टीम हार गई, लेकिन दर्शकों का मन विराट कोहली ने जीता और इधर दर्शकों ने अनिका की मदद कर इंदौर का दिल जीता।

### नगद और ऑनलाइन आई राशि

अनिका के पिता ने बताया कि स्टेडियम और आसपास अलग-अलग जगह पर डब्बे लगाए गए थे जिसमें लोगों ने नगद राशि डाली। वही ऑनलाइन भी क्रिकेट प्रेमियों ने सहयोग किया।

# बसंत पंचमी पर धार भोजशाला मामले को लेकर इंदौर में अलर्ट

## *पुलिस कमिश्नर ने थानों को दिए 'प्रिवेंटिव पुलिसिंग' के निर्देश*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

धार स्थित भोजशाला में बसंत पंचमी के आयोजन और शुक्रवार की नमाज को लेकर बन रही स्थितियों के मद्देनजर इंदौर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सभी चारों जोन के आला अधिकारियों और थाना प्रभारियों की मैराथन बैठक ली। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ थानों की कार्यप्रणाली में कसावट लाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

बसंत पंचमी के विशेष घटनाक्रमों को देखते हुए शहर के सभी थानों को अपने-अपने क्षेत्रों, विशेषकर संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का मुख्य जोर किसी भी अप्रिय स्थिति को पनपने से पहले ही रोकने पर है। राहुल गांधी के इंदौर दौरे और हाल ही में संपन्न हुए क्रिकेट मैच की सुरक्षा व्यवस्थाओं से मुक्त होने के बाद अब पुलिस का पूरा ध्यान शहर की आंतरिक सुरक्षा और शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर केंद्रित है।

**रिएक्टिव नहीं, प्रिवेंटिव पुलिसिंग का मंत्र-** बैठक में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि पुलिस को 'रिएक्टिव' होने के बजाय 'प्रिवेंटिव' (निवारक) पुलिसिंग करनी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि थाना प्रभारी प्रतिदिन थानों में बल की उपस्थिति और कार्यों की समीक्षा करें। ड्यूटी ऑफिसर, बीट ऑफिसर और एफआरवी जवानों की सक्रियता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, थानों में आने वाले पीड़ितों और आगंतुकों के साथ सौम्य व्यवहार करने की हिदायत दी गई है।

**बदमाशों पर 72 घंटे के भीतर होगी कार्रवाई -** अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस कमिश्नर ने एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की फाइल 48 घंटे के भीतर थाने से निकल जानी चाहिए और 72 घंटों के भीतर संबंधितों को नोटिस जारी हो जाना चाहिए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने या खराब प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) अमित सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) आर.के. सिंह सहित सभी डीसीपी और एसीपी मौजूद रहे।

# करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन पर बने झोपड़े हटाए निगम की टीम ने अहीरखेडी में जाकर की कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा अहीरखेडी में नाले के किनारे करोड़ों रुपए की कीमत वाली जमीन पर बनाए गए झोपड़ी हटा दिए गए हैं। इस कार्रवाई को कल दोपहर में जाकर अंजाम दिया गया।

जिला कलेक्टर शिवम वर्मा के पास पिछले मंगलवार को जनसुनवाई में यह शिकायत आई थी कि नाले के किनारे की सरकारी जमीन पर बड़ी संख्या में झोपड़ियां बनाकर कब्जा किया जा रहा है। यदि इस कब्जे को अभी नहीं हटाया गया तो आने वाले समय में यहां पर पूरी झुग्गी बस्ती बन जाएगी। इस शिकायत के आधार पर कलेक्टर के द्वारा जांच कराई गई तो यह शिकायत



सही पाई गई।

इस पर कलेक्टर के द्वारा नगर निगम को यह अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया गया। इस निर्देश के परिपेक्ष में नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा कल मौके पर जाकर वहां पर बनी सभी झोपड़ियों2 को हटा दिया गया। इस दौरान झोपड़ी में रहने वाले लोगों के द्वारा इस कार्रवाई का विरोध किया गया। उनका कहना था कि हम तो काफी सालों से इस स्थान पर रह रहे हैं। यदि हमें हटाया ही जा रहा है तो हमें रहने के लिए वैकल्पिक स्थान दिया जाए। इन लोगों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित किए गए फ्लैट देने की मांग की जा रही थी। मौके पर काफी पुलिसबल होने के कारण इन लोगों का विरोध जोर नहीं पकड़ पाया और निगम की टीम के द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए इन लोगों को तत्काल हटा दिया गया। निगम की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि नदी नाले के किनारे किए जाने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाने में कोई मोहलत नहीं दी जाएगी। ऐसी कार्रवाई को प्राथमिकता के साथ तत्काल किया जाएगा।

# भू-राजस्व व डायवर्सन वसूली के लिए विशेष अभियान

## बकायादारों पर कुर्की की कार्रवाई होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर जिले में भू-राजस्व एवं डायवर्सन शुल्क की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत भू-राजस्व और डायवर्सन शुल्क जमा नहीं करने वाले बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में कल कलेक्टर कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि सभी बकायादारों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद भी जो बकायादार राशि जमा नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम कल्याणी



पांडे ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर समस्त तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेकर भू-राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर कॉलोनी सेल, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण के फ्री-होल्ड पट्टे, खनिज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों का समेकित डेटा संधारित कर समस्त तहसीलों में वितरित किया गया है, जिससे बड़े बकायादारों को चिन्हांकित कर प्रभावी कार्यवाही की जा सके। साथ ही वेबजिस पर उपलब्ध संभावित परिवर्तित सर्वे नंबरों के सत्यापन के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। समस्त तहसीलदारों द्वारा बकायादारों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। कलेक्टर वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नोाटिस के बाद भी यदि बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो बकायादारों के विरुद्ध नियमानुसार कुर्की सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख कल्याणी पांडे ने बताया कि डायवर्सन की मांग एवं वसूली की समीक्षा हेतु जिले के समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की राजस्व मांग की स्थिति की समीक्षा की गई तथा वसूली में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश प्रदान दिये गए। बैठक के दौरान उपग्रह छवि के माध्यम से चिन्हित ऐसे समस्त प्रकरणों, जिनमें भूमि का उपयोग परिवर्तित होने के उपरांत भी डायवर्सन स्वीकृत नहीं कराया गया है, उनके शीघ्र प्रकरण तैयार कर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी डायवर्टेड प्रकरणों में मांग की सूचना पत्र जारी कर समय-सीमा में वसूली सुनिश्चित की जाए।

# नई बनने वाली सड़कों के लिए जारी होंगे टीडीआर प्रमाण पत्र

## राज्य सरकार ने आज भोपाल में बुलवाई बैठक, सभी भवन अधिकारी गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राज्य सरकार के द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इंदौर में मास्टर प्लान की जो नई सड़क बनाई जाएगी उनमें जिन लोगों के निर्माण तोड़े जाएंगे उन लोगों को उनके निर्माण के बदले में टीडीआर का सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

इसके लिए राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे के द्वारा आज भोपाल में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। ध्यान रहे की इंदौर शहर में मास्टर प्लान की 23 सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा 464 करोड रुपए की राशि दी गई है। इस राशि के आधार पर इन सड़कों का निर्माण करने के लिए नगर निगम के द्वारा चार पैकेज में योजना तैयार की गई है। इन सभी सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर करके कार्य भी अलग-अलग फर्म को आवंटित कर दिया गया है।

पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा जब नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण का भूमि पूजन लता मंगेशकर सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में किया जा रहा था तो वहां पर मुख्यमंत्री ने नगर निगम के आयुक्त को यह निर्देश दिया था कि मास्टर प्लान की सड़कों का निर्माण तेज गति से शुरू करें। इस कार्य को जल्दी करने की प्राथमिकता रखें। यह निर्देश मुख्यमंत्री के द्वारा अपने भाषण में दिया गया था। इसके बाद से इन सड़कों के निर्माण के लिए नगर निगम की टीम सक्रिय हो गई है। आज भोपाल में बुलाई गई बैठक से यह स्पष्ट हो गया कि अब राज्य सरकार भी इन सड़कों के निर्माण के लिए गंभीर हो गई है।

भोपाल में आज बुलाई गई बैठक में इंदौर नगर निगम के उन सभी भवन अधिकारियों को बुलाया गया है जिनके क्षेत्र में मास्टर प्लान की सड़क का निर्माण किया जाना है। इन सभी को आज की बैठक में यह बताना है कि सड़क में बाधक निर्माण तोड़कर उसके आवाज में दिए जाने वाले प्रमाण पत्र के लिए उनके द्वारा क्या तैयारी की गई है। यदि इन लोगों को कहीं भी किसी भी स्तर पर कोई समस्या आ रही है तो उसके लिए आज की भोपाल की बैठक में इन्हें मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

# चांदी की चमक और अर्थव्यवस्था की चिंता

**चांदी के दाम जिस तेजी से ऊपर चढ़ रहे हैं, वह केवल सर्राफा बाजार की खबर नहीं रह गई है। यह बढ़ोतरी अब देश की आर्थिक सेहत और आम कारोबार पर सीधा असर डालने लगी है। कभी गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच में मानी जाने वाली चांदी आज धीरे-धीरे 'महंगी धातु' की श्रेणी में खिसकती दिख रही है।**



वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, डॉलर की मजबूती, भू-राजनीतिक तनाव और औद्योगिक मांग इन सबका संयुक्त असर चांदी की कीमतों में उछाल के रूप में सामने आया है। भारत, जो चांदी का बड़ा आयातक देश है, उसके लिए यह स्थिति आर्थिक दृष्टि से चिंताजनक है। महंगी चांदी का सीधा मतलब है आयात बिल में इजाफा, विदेशी मुद्रा पर दबाव और अंततः रुपये की सेहत पर असर।

आर्थिक मोर्चे पर देखा जाए तो चांदी के बढ़ते भाव महंगाई को भी हवा दे सकते हैं। सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल उपकरण जैसे क्षेत्रों में चांदी एक जरूरी कच्चा माल है। कीमत बढ़ने पर उत्पादन लागत बढ़ती है और उसका बोझ आखिरकार उपभोक्ता पर ही आता है। यह 'कॉस्ट-पुश इंफ्लेशन' का साफ संकेत है।

व्यवसायिक स्तर पर असर और भी स्पष्ट है। ज्वेलरी सेक्टर में मांग सुस्त पड़ने लगी है। ग्रामीण और मध्यम वर्ग, जो परंपरागत रूप से चांदी की खरीद करता रहा है, अब या तो खरीद टाल रहा है या विकल्प तलाश रहा है। थोक व्यापारियों के लिए स्टॉक रखना जोखिम भरा होता जा रहा है, वहीं छोटे और मझोले उद्योग बढ़ती लागत के दबाव में जूझ रहे हैं।

निवेश के नजरिए से चांदी की चमक जरूर बढ़ी है। अनिश्चित माहौल में निवेशक इसे सुरक्षित ठिकाने के रूप में देख रहे हैं। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि पैसा उत्पादक क्षेत्रों से निकलकर धातुओं में सिमट रहा है, जो दीर्घकाल में आर्थिक विकास की रफ्तार को धीमा कर सकता है।

कुल मिलाकर, चांदी के बढ़ते दाम अर्थव्यवस्था के लिए दोधारी तलवार हैं। निवेशकों के लिए यह आकर्षण हो सकता है, लेकिन उद्योग, व्यापार और आम आदमी के लिए यह चिंता का विषय बनता जा रहा है। सरकार के सामने चुनौती है कि वह आयात नीति, औद्योगिक प्रोत्साहन और वैकल्पिक तकनीकों पर संतुलित कदम उठाए, ताकि चांदी की कीमतों की यह चमक आर्थिक बोझ में न बदल जाए।

**लेख -अक्षय जैन**

# फिटनेस करने वाले आरटीओ अधिकारियों पर भी हो कार्रवाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्राइम रूट बस ओनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के गोविन्द शर्मा, सुशील शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गणों को मोटर यान अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत सभी प्रकार की वाहन ट्रक,बस, छोटी बड़ी वाहनो का फिटनेस करने एवं नवीन गाड़ीयों का पंजीयन करने का अधिकार है तो वर्षों से चल रही फिटनेस की कार्यवाही के पश्चात वर्तमान में चल रही बसों के केंद्रीय मंत्री के आदेश से पंजीकरण करने वाले अधिकारियों से ब्लॉक कराना या रोका जाना या दंडात्मक कार्यवाई करना कौन सी कार्रवाई के अंतर्गत आता है जब की इन बसों को जो की मोटर यान अधिनियम,,नियमों के अंतर्गत फिटनेस होकर लगातार कई वर्षों से मार्ग पर संचालित होकर यात्रियों का परिवहन कर रही थी ऐसी स्थिति मे अब एक साथ पूरे मध्य प्रदेश में बसों को जप्त करना,, जुर्माना करना न्याय संगत नहीं है। नई बसों का 2 साल के लिए फिटनेस होता है उसके बाद हर साल वाहनों का फिटनेस होता है, जिसे स्वयं परिवहन अधिकारी प्रमाणित करते है, अब नए निर्देश जारी कर बसों को जब्त किए जाने के निर्देश दिए है। पदाधिकारियों ने कहा कि यह नया नियम परिवहन विभाग की कमजोरी उजागर कर रहा है, जबकि होना यह चाहिए कि जिन परिवहन अधिकारियों ने इन वाहनों का फिटनेस किया है उन अधिकारियों के विरुद्ध भी न्याय संगत कार्रवाई होना चाहिए।

# सहायक प्राध्यापक भर्ती में अधिसूचनाएं नहीं निकलने से असंतोष



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** हाल में ही मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया है, लेकिन इसमें कई महत्वपूर्ण विषयों के नोटिफिकेशन निकालना लोक सेवा आयोग भूल गया है, जिस कारण अभ्यर्थियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। दर्शनशास्त्र, गृह विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान और संगीत जैसे विषयों को सहायक प्राध्यापक भर्ती से बाहर रखा गया है, जबकि इन विषयों में बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध हैं। जानकारों के अनुसार इन सभी विषयों में नियमित रूप से एमपी-सेट एवं यूजीसी-नेट परीक्षाएँ आयोजित की जा रही हैं। साथ ही, अनेक अभ्यर्थी इन विषयों में पीएचडी उपाधि प्राप्त कर उच्चतम शैक्षणिक योग्यता अर्जित कर चुके हैं। इसके बावजूद इन विषयों में सहायक प्राध्यापक पदों की भर्ती न होना योग्य अभ्यर्थियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। शिक्षा विशेषज्ञों का भी कहना है कि इन विषयों में हजारों विद्यार्थी प्रतिवर्ष स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन कर रहे हैं, जबकि पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत इन विषयों के अनेक पद वर्तमान में रिक्त पड़े हुए हैं, जिससे महाविद्यालयों में नियमित शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अभ्यर्थियों ने लोक सेवा आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा 2025 में दर्शनशास्त्र, गृह विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान एवं संगीत विषयों के नोटिफिकेशन जल्द ही निकाले जाएँ। इससे न केवल योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा, बल्कि प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ हो सकेगी।

## थाने में जब्त वाहन मालिकों को सौंपे जाएंगे

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाने में पुलिस एक्ट की धारा 25 के तहत जप्त किए गए वाहनों को उनके स्वामियों को सौंपा जाएगा। बताया गया कि इस एक्ट के तहत 55 दोपहिया वाहन जप्त किए गए हैं, जो थाने में वर्षों से रखे हुए हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे थाने में आकर अपने वाहन की तस्दीक कर लेंवे और मालकियत के दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने वाहन प्राप्त कर लें। विस्तृत जानकारी सेंट्रल कोतवाली थाने से प्राप्त की जा सकती है। वाहन प्राप्त नहीं करने पर आगामी समय में वाहनों की नीलामी की जाएगी।

# 4 फ्लाई ओवर का निर्माण जून तक होगा पूरा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



कलेक्टर शिवम वर्मा ने शहर में निर्माणाधीन चार प्रमुख फ्लाईओवरों का मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी फ्लाईओवर आगामी जून माह तक पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एसडीएम प्रदीप सोनी, अपर आयुक्त नगर निगम अभय राजनगांवकर सहित ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम, प्रशासन, निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी और अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निरीक्षण के दौरान देवास नाका, सत्यसाईं चौराहा, मूसाखेड़ी, और क्रिस्टल आईटीआई पार्क चौराहा पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की । कलेक्टर वर्मा ने कहा कि ये सभी फ्लाईओवर्स शहर की यातायात व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके पूर्ण होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।



## शिक्षण–अधिगम प्रभावी प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण जारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आईक्यूएसी समिति द्वारा शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को निरंतर प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन में किया जा रहा है। यह संकाय संवर्धन कार्यक्रम 'ूहुपहग्हु दें ्मदस्ज्ूह' विषय पर 27 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के शैक्षणिक, तकनीकी, शोधात्मक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कौशलों को सशक्त बनाना है।

## भागीरथपुरा क्षेत्र में स्थिति हो रही है सामान्य

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर के भागीरथपुरा में स्थिति सामान्य हो रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी में 138 मरीज पहुंचे, जिसमें से डायरिया के 09 मरीज थे। अस्पतालों में अब तक कुल 447 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं जिसमें से 433 स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट गए हैं। 07 अभी भी वार्ड में भर्ती हैं और 07 आईसीयू में उपचारत है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 02 एम्बुलेंस लगाई गई हैं, 24/7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है, मरीजों को एम. व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहे हैं, वहाँ पर भी निःशुल्क उपचार, जॉच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 14 मार्च को समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रशासनिक न्यायाधिपति विजय कुमार शुक्ला के निर्देशन में म.प्र. उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में 14. मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से अपील की गई है कि उपरोक्तानुसार म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकृत कराने हेतु म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओ.एस.डी/रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार (एम), संबंधित सेक्शन एवं विधिक सहायता अधिकारी, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर अपने प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन/सूचना दे सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण होने पर शासन द्वारा अदा की गई कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है।

# बिजासन माता दरबार से निकलेगी रथयात्रा

## अभिषेक के साथ होगी तीन दिवसीय आयोजन की शुरुआत, भजन संध्या भी होगी, पुजारी परिवार नौ देवियों के स्थल से करेंगे गुप्त नवरात्रि में आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर की नौ देवियों वाले शक्तिपीठ स्थल मां बिजासन टेकरी से इस वर्ष भी रथयात्रा महोत्सव का आयोजन पुजारी परिवार तीन दिनों तक करने जा रहा है। मां बिजासन के भक्तों को साथ लेकर पुजारी परिवार के दीपक रतन गोस्वामी दीप ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत 23 जनवरी की शाम साढ़े पांच बजे से होगी, जहां बिजासन माता मंदिर में माताओं का महाभिषेक होगा और 24 जनवरी की शाम 7.30 बजे से टेकरी परिसर में मां की आराधना में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इस गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तों की मौजूदगी में मां बिजासन की रथयात्रा महोत्सव का आयोजन 25 जनवरी की शाम 4 बजे मां बिजासन माता मंदिर से किया जाएगा। इस यात्रा को लेकर तैयारियां की जा रही हैं और मां बिजासन के भक्तों को निमंत्रण भी दिए जा रहे हैं। आयोजन से रत्नवन गोस्वामी, शिवांश वन गोस्वामी, चेतन वन गोस्वामी, आनंद वन, लखन वन, प्रकाश वन, कृष्ण वन, दौलत वन, कमल वन, देवेंद्र वन, कार्तिक वन, रतन वन, रतीश वन, अशोक वन, बंसी वन सहित अन्य जुड़े हुए हैं।



## परशुराम सेना के दर्पण कैलेंडर का विमोचन

### यज्ञोपवीत संस्कार की घोषणा भी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )। श्री परशुराम सेना इंदौर महानगर के अनूप शुक्ला ने बताया कि परशुराम वाटिका मरीमाता पर कार्यक्रम पदाधिकारियों व परशुराम सेना से जुड़े ब्राह्मण समाजजनों की मौजूदगी में आयोजित कर तिथि दर्पण कैलेंडर का विमोचन किया। साथ ही आगामी दिनों होने वाले यज्ञोपवीत संस्कार की घोषणा कर चर्चा भी की। संजय शुक्ला, अनूप शुक्ला, पप्पी शर्मा, दिलीप शर्मा, नवनीत शुक्ला, सत्येंद्र शर्मा, लकी अवस्थी, अशोक चतुर्वेदी, गौतम तिवारी, मणिमाला शर्मा, सुदेश पांडे, राकेश शर्मा, प्रेम बागोरा विजेंद्र दीक्षित, मोनेश जोशी,बंसीलाल पुरोहित,नमन दुबे, प्रबोध महोदय, राजेश दुबे,कपिल पांडे, प्रमोद जोशी, दिलीप त्रिवेदी, सुनिल दीक्षित, धर्मेंद्र जोशी , दीपक शर्मा, रितेश शर्मा,मुरली जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

## गुप्त नवरात्रि पर प्रकाशोत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री श्रीविद्याधाम मंदिर के प्रकाशोत्सव का शुभारंभ कल गुप्त नवरात्रि के पहले दिन किया गया। ध्वजारोहण, गणेश पूजन, पंचाग कर्म एवं भगवती मां पराम्बा के षोडशोपचार पूजन से शुरुआत हुई। आज सुबह से दोपहर तक संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ में स्वाहाकार की मंगल ध्वनि का आयोजन यज्ञशाला में शुरू हो चुका है। रोजाना सुबह, दोपहर, शाम धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।



## उमंग मेला का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माहेश्वरी सखी संगठन संयोगितागंज द्वारा आयोजित एक दिवसीय संक्रांति उमंग मेला लगाया जिसमें 80 स्टाल लघु उद्योग एवं घर से व्यवसाय करने वाली महिला उद्यमियों के थे। भावना लाहोटी, वंदना तापडिया, हेमा लखोटिया, अंजू मूंदडा, रीना माहेश्वरी, राधिका माहेश्वरी ने बताया कि हर स्टाल पर भीड रही। दर्शकों के लिए कई आकर्षण भी मेले में थे। अंजू मूंदडा, हेमा लखोटिया ने पद की शपथ ली।



## स्वर्णकार महिलाओं का हल्दी कुमकुम आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )। श्री मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति ने हल्दी कुमकुम, बसंतोत्सव एवं टिफ़िन पार्टी के साथ मकर संक्रांति पर्व साउथ राजमोहल्ला उद्यान में मनाया। देशी खेल और तंबोला भी खेले गए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हंसा खत्री, पिंकी बबेरवाल, शशिबाला संकत ने विजेता शांता जौहरी, शीतल मोसान, उषा भंवर, सुमन सुंडीया, अनिता खजवानिया, शीतल ददोलिया, पायल धूपड़, मोना सोनी, ज्योति भंवर को पुरस्कृत किया।



## हर्षद जोशी ने पैदल की 8 दिनों में राजस्थान की धार्मिक यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )। पालीवाल समाज से जुड़े हर्षद भेरूलाल जोशी गांव आमली अपने पिता की राह पर 8 दिवसीय पैदल यात्रा कर कुलदेवता दुवारे राजस्थान पहुंचे। खोड़ाजी दरबार, ग्राम निलोद तक यह यात्रा की और आराध्य देव के दर्शन भी किए। कई समाजजनों ने जोशी का स्वागत भी किया।

# राजपूत समाज का परिचय सम्मेलन होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजपूत परिषद द्वारा राजपूत समाज के युवा युवतियों के लिए बड़ा परिचय सम्मेलन का आयोजन चिमन बाग स्थित स्काउट ग्राउंड मैदान पर आयोजित किया जाएगा। आयोजन से जुड़े अरविंदसिंह ठाकुर, रामसिंह दिखित ने बताया कि सम्मेलन को लेकर लगातार बैठक के दौर हो रहे हैं, तैयारियां की जा रही हैं। परिचय पुस्तिका भी तैयार की जा रही है जिसका विमोचन भी होगा। आयोजन को पूरी तरह निशुल्क किया गया है। देश भर के कई शहरों से युवक युवती प्रत्याशी और उनके अभिभावकों के अलावा समाजजन भी इस सम्मेलन में शिरकत करने पहुंच रहे हैं। 700 से अधिक प्रविष्टियां आ चुकी हैं। अर्पिता सिकरवार ने अपनी मातृशक्तियों की टीम के साथ घर घर संपर्क भी किया। प्रविष्टियां भी भरवाई। आयोजन से प्रमुख रूप से अरविंद सिंह ठाकुर, राम सिंह दिखित, महेंद्र सिंह बेस, अर्पिता सिकरवार सहित अन्य राजपूत समाजजन जुड़े हुए हैं।

## सम्मेद शिखरजी तीर्थ के लिए 350 श्रद्धालुओं का दल आज रात रवाना होगा

इंदौर सिटी ब्लास्ट। मांगीलाल मंडल से जुड़े मनमोहन झांझरी, राजेश पांड्या एवं अजयपाल टोंग्या ने बताया कि मंडल की अगुवाई में दिगम्बर जैन समाजजनों के 350 श्रद्धालुओं का दल आज रात 11 बजे शिप्रा एक्सप्रेस से तीर्थराज सम्मेद शिखरजी के लिए रवाना होगा। यात्रा को लेकर मंडल ने व्यापक तैयारी की है और जैन समाजजनों में भी धार्मिक उत्साह है। बड़ी संख्या में समाजजन यात्रियों को बिदाई देने आज रात पहुंचेंगे। सम्मेदशिखरजी तीर्थ पर सभी धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। वहां रथयात्रा भी निकाली जाएगी। अर्घ्य भी समर्पित किए जाएंगे। मनीष गंगवाल, अजय रावका भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।



## यातायात जागरूकता रथ से नियमों के पालन का संदेश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आमजन मानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दो यातायात जागरूकता रथ शुरू किए जिन्हें हरी झंडी भी बताई गई। यह रथ आम लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश देते रहेंगे। यह रथ शहर के चारों ज़ोन में प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले मार्गों पर भ्रमण करेंगे। रथ में लगे डिजिटल स्क्रीन, जागरूकता संदेशों के फ्लैक्स एवं ऑडियो-विजुअल सिस्टम के माध्यम से नागरिकों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश, लघु फिल्में और वीडियो क्लिप दिखाए जाएंगे। शुभारम्भ अवसर पर पुलिस अधिकारी आनंद कलादगी, संतोषकुमार कौल, नरेश बाबू अन्नोटिया एवं अन्य पुलिस अधिकारी और ट्राफिक प्रहरी मौजूद रहे।



# शिक्षकों के आदेश जारी करने की मांग को लेकर ज्ञापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

उच्च माध्यमिक शिक्षकों के परि-वीक्षा अवधि पूर्ण करने उपरांत नियमितीकरण आदेश जारी करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल के नाम जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन अनीता चौहान को ज्ञापन सौंपा। जिलें के अधिकांश उच्च माध्यमिक शिक्षकों के परिवीक्षा अवधि ( वर्ष 2021 से 2024) पूर्ण करने पर नियमितीकरण आदेश लोक शिक्षण भोपाल से जारी नहीं हुए है। इसी एक सूत्रीय मांग को लेकर हमने ज्ञापन सौंपा है। जॉइंट डायरेक्टर अनिता चौहान ने शीघ्र आदेश जारी करवाने का आश्वासन दिया। दिनेश परमार, डॉ आरती पटेल, काजल सिंह पंवार, नीलम बघेल, नेहा जैन, इंदिरा साहू, रामेश्वर कोचले, अलंकार उपाध्याय, डॉ विशाल जैन, स्मिता रोस, रंजना पाल, पूजा शर्मा, जया वर्मा, सोनाली बिल्लोरे, राजेश्वरी बिरथरे,सीमा चौहान, गौरीशंकर रावत,पुरुषोत्तम नागर, महेंद्र भारद्वाज, महेंद्र पाठक, जितेन्द्र परमार, विपिन जोशी उपस्थित थे।

# साहित्य गोष्ठी में भागीरथपुरा घटना का भी जिक्र

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पर्यावरण संरक्षण अनुसंधान विकास केंद्र(सी.ई.पी.आर.डी.) की साहित्य गोष्ठी में भागीरथपुरा दूषित जल प्रकरण की पृष्ठभूमि पर पर्यावरण चिंताओ के साथ देशभक्ति आदि पर सामयिक रचनाएं पढ़ी गई। रचनाकारों ने प्रस्तुतियां दी। दिनेश गुप्ता, डॉ. अनिल भंडारी, सत्यनारायण मंगल, ओम उपाध्याय, डॉ. कृष्णा जोशी, रशीद शेख, सुरभि, नंदलाल भारती, राजेश नगीना, अरविन्द जोशी, मनोहर वर्मा, डॉ. इशरार खान, भीमसिंह पंवार, पवन सोलंकी ने अपनी भूमिका निभाई।




## कासलीवाल, बच्चन और संधू की आत्मा शांति के लिए विधान और अनुष्ठान कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अंतर्मुखी मुनिश्री पूज्य सागर महाराज तेजाजी नगर में हुए दुर्घटना में प्रखर आनंद कासलीवाल, प्रेरणा बाला बच्चन एवं मन संधू की दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु शांति विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन रखा गया है। पूज्य सागर म.सा. के सानिध्य में 21 जनवरी को प्रातः 8 से 11 बजे तक यह आयोजन श्री दिगंबर नवग्रह जिनालय अतिशय क्षेत्र, ग्रेटर बाबा, एरोड्रम रोड पर किया जाएगा।



## मातृशक्ति ने किया बगलामुखी मंदिर में पूजन-अर्चन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मां अंजनि मातृशक्ति मंडल की 108 सौभाग्यवती मातृशक्ति का पूजन नलखेड़ा स्थित माँ बगलामुखी मंदिर पर गुप्त नवरात्रि की बेला में ललिता सहस्त्र नामावली से पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर आचार्य पं. राजेश शास्त्री, आचार्य पं. जितेन्द्र शर्मा एवं आचार्य पं. नीलेश जोशी ने विधि विधान से पूजन कराया।

# गौशाला में संगोष्ठी का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन इंजीनियर्स सोसायटी ने अहिल्या माता गौशाला में गौसेवा का आयोजन किया फिर विशेष संगोष्ठी की गई। 'रिवर्स एजिंग' और 'होलिस्टिक हेल्थ' जैसे गंभीर विषयों पर मंथन भी हुआ।अमेरिका से आई सुरभि पंड्या, डॉ. अनिल सिंघवी ने व्याख्यान दिया। राजेंद्र सिंह जैन का विशेष सम्मान किया गया। वक्ताओं का सम्मान डॉ. अनुपमा जैन और इंजीनियर निकेतन सेठी ने किया। विकास जैन, रवि जैन, संदीप जटाले मौजूद थे।




## समर्पण दिवस पर नई कार्यकारिणी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अ.भा. ग्राहक पंचायत ने समर्पण दिवस पर इंदौर महानगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित की। नंदकिशोर नागर, मुकेश कौशल की मौजूदगी में पदाधिकारी बनाए गए। पदाधिकारियों के अलावा अलग-अलग क्षेत्रों में भी इकाई संयोजक की नियुक्ति की गई।



## नाथ मंदिर में शास्त्रीय गायन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मन्दिर संस्थान में गायिका गुरुषा दुबे का शास्त्रीय गायन हुआ। जिसमें विभिन्न रागों में प्रस्तुति दी गई, भक्ति गीत भी प्रस्तुत किए।

## सहकार भारती की बैठक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सहकार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया ने अपने इन्दौर प्रवास के दौरान सहकार भारती महानगर नगर इकाई से भेंट की एवं सहकार भारती द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ली। शेखर किबे, अभिनव शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी, अनिल भोजे, हरीश पुरोहित, रमेशचन्द्र मालवीय, जवाहर गुप्ता, ज्योति भोरास्कर, अनिल देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

# राठी दम्पति ने लगवाए गोवंश को छप्पन भोग




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कामधेनु सेवा समिति एवं माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ समाज-सेवी दंपति जितेन्द्र प्रियाजी राठी ने अपने विवाह के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संत कमल किशोर नागर की गोशाला गोमटगिरि नैनोद रोड पर गोमाता को 56 भोग अर्पण कराए। गायों के लिए अलग-अलग तरह के पकवान और सामग्री भी लाई गई थी। मौजूद माहेश्वरी समाजजनों ने गौशाला की सैकडों गायों को अपने हाथों से पेटपूजा कराई। पूजा कर गाय की आरती भी उतारी गई। गौभक्तों को पत्रक का वितरण भी किया। राजेश मूंगड, सत्यनारायण मंत्री पप्पू, मनीष काबरा, राम कचोलिया, मनीष-डाली काबरा, राजेश सारडा, हरि मालू, राजेन्द्र असावा, प्रकाश मूंदडा सहित अन्य मौजूद थे। 400 सदस्यों के लिए प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

## सरस्वतीधाम पर विशेष रोशनी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बसंत पंचमी के पावन पर्व से पूर्व तुलसी नगर स्थित माँ सरस्वती धाम में प्रकाश व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। चार हाई-मास्ट लाइट एवं अनेक लैंप पोस्ट लगाने से मंदिर और क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमगा उठा। शम्भूनाथ सिंह, बसंत नायक, राजेश तोमर, के.के. झा, राजेश जायसवाल, मनोज दीक्षित, कमलेश शर्मा, संजय यादव, रुपेश शर्मा, विवेक शर्मा, राहुल ठक्कर, सीताराम पाटिल, सियाराम मिश्रा प्रारम्भ करने पर मौजूद रहे।





## सुबह उठते ही पी लें ये पानी, निकल जाएगी सारी गंदगी

**खीरे का डिटॉक्स वाटर पीने से क्या होता है?–** सुबह उठते ही खीरे का डिटॉक्स वाटर पीना काफी बेहतर होता है। यह शरीर के लिए काफी कारगर तरीके से काम करता है। खीरे में कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सेल्स और स्किन पोर्स को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। खीरे में पोटेशियम, मैग्निशियम और कैल्शियम होता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर रहता है।

**खीरे का डिटॉक्स वाटर कैसे बनाएं?–** खीरे का डिटॉक्स वाटर बनाने के लिए आप सबसे पहले कटे हुए खीरे को एक जार में डालें। अब इसमें पानी डालें और सही से हिलाएं। आप इसको रात में ही तैयार कर लें और फ्रिज में रख दें। आप सुबह उठते ही इस पानी को पी लें।

**वेट लॉस में भी है मददगार–** खीरे का यह पानी वजन कम करने में भी कारगर होता है। इसमें जीरो कैलोरी होती है और इसके सेवन से पेट भरा रहता है। इसके अलावा, यह पेट और आंत की गंदगी को साफ करता है और कब्ज की समस्या से बचाता है। यह शरीर की गंदगी को भी आसानी से निकालने में मदद करता है।

# रामभक्त हनुमानजी ने कैसे सुनी भगवद्गीता

## मूक गवाह

माना जाता है कि हनुमान ने कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में कृष्ण की शिक्षाओं को सुना था, एक योद्धा के रूप में नहीं बल्कि एक समर्पित साधक के रूप में, शारीरिक भागीदारी के बजाय आध्यात्मिक उपस्थिति का प्रतीक।

## रथ का प्रतीक

परंपरा के अनुसार, हनुमान अर्जुन के रथ के झंडे पर अदृश्य रूप से बैठे थे, जो सुरक्षा और आशीर्वाद का प्रतीक था और ऊपर से कृष्ण और अर्जुन के बीच संवाद के साक्षी थे।

भक्ति और ज्ञान का मिलन : हनुमान भक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं जबकि गीता ज्ञान का प्रतिनिधित्व करती है; उनका सुनना ज्ञान के प्रति भक्ति का झुकना दर्शाता है, यह दिखाता है कि समझ मौन तत्परता से आ सकती है, न कि सवाल करने से।

भगवद गीता को कृष्ण और अर्जुन के बीच एक पवित्र संवाद के रूप में याद किया जाता है, जो महाभारत के दौरान कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में कहा गया था। फिर भी, भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में, एक और शांत, अधिक दिलचस्प मान्यता है कि जब गीता कही जा रही थी, तब हनुमान भी मौजूद थे, एक योद्धा के रूप में नहीं बल्कि एक साधक के रूप में सुन रहे थे। यह विचार सीधे भगवद गीता के प्रामाणिक पाठ से नहीं आता है, बल्कि बाद की कहानियों, पुराणों की कथाओं और भक्ति परंपराओं से आता है जो हनुमान को हर जगह रखती हैं जहाँ दिव्य सत्य प्रकट होता है।

## वरदान जिसने समय को झुका दिया

परंपरा के अनुसार, रामायण के बाद हनुमान को चिरंजीवी का दर्जा, अमरता प्रदान की गई थी। उनका जीवन राम के दुनिया से जाने के साथ समाप्त नहीं हुआ। इसके बजाय, वह हर जगह रहे जहाँ धर्म



को शक्ति, विनम्रता और सेवा की आवश्यकता थी। जब तक महाभारत शुरू हुआ, हनुमान पहले से ही प्राचीन, शक्तिशाली और आंतरिक रूप से शांत हो चुके थे। वह अब लड़ाइयों से नहीं बल्कि भक्ति से प्रेरित थे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि हनुमान का गीता सुनना शारीरिक भागीदारी के रूप में नहीं बल्कि आध्यात्मिक उपस्थिति के रूप में चित्रित किया गया है।

## युद्ध के मैदान के ऊपर बैठे

एक लोकप्रिय मान्यता के अनुसार, हनुमान ने अर्जुन के रथ के ऊपर लगे झंडे से गीता सुनी थी।

अर्जुन के रथ पर हनुमान का प्रतीक था, यह प्रतीक यूँ ही नहीं चुना गया था। हनुमान पहले अर्जुन के भाई भीम से मिल चुके थे और उन्होंने पांडवों को आशीर्वाद दिया था। जब अर्जुन ने दिव्य सुरक्षा मांगी, तो हनुमान युद्ध के दौरान रथ के झंडे पर अदृश्य रूप से बैठने के लिए सहमत हो गए।

इस ऊँची, अनदेखी जगह से, कहा जाता है कि हनुमान ने कृष्ण और अर्जुन के बीच बातचीत देखी और सुनी थी। किसी ऐसे व्यक्ति के तौर पर नहीं जिसे सिखाया जा रहा हो, बल्कि ऐसे व्यक्ति के तौर पर जो उस सच्चाई को पहचान रहा था जिसके अनुसार वह पहले से ही जी रहा था।

## हनुमान ने दखल क्यों नहीं दिया

एक स्वाभाविक सवाल उठता है: अगर हनुमान मौजूद थे, तो उन्होंने लड़ाई क्यों नहीं की? क्योंकि महाभारत ताकत की लड़ाई नहीं थी - यह पसंद, विवेक और परिणाम की लड़ाई थी। कृष्ण ज़बरदस्त जीत नहीं चाहते थे; वे स्पष्टता चाहते थे। हनुमान का रोल नतीजों को बदलना नहीं था, बल्कि प्रक्रिया की रक्षा करना था। इस संदर्भ में, सुनना ही सेवा थी।

## भक्ति का ज्ञान से मिलन

इसमें एक गहरी प्रतीकात्मक परत भी है। हनुमान भक्ति, शुद्ध समर्पण का प्रतिनिधित्व करते हैं। कृष्ण की गीता ज्ञान, दिव्य ज्ञान का प्रतिनिधित्व करती है। जब हनुमान गीता सुनते हैं, तो परंपरा कुछ गहरा संकेत देती है : भक्ति ज्ञान के सामने झुकती है, और ज्ञान भक्ति को आशीर्वाद देता है।

हनुमान गीता के दौरान सवाल नहीं पूछते क्योंकि उनका जीवन पहले से ही इसकी शिक्षाओं को दर्शाता है : निस्वार्थ कर्म, बिना कमजोरी के समर्पण, और बिना अहंकार के शक्ति।

## यह विश्वास आज भी क्यों मायने रखता है

हनुमान के गीता सुनने का विचार इसलिए जीवित है क्योंकि यह एक संदेश देता है : सच्ची समझ हमेशा सवाल पूछने से नहीं आती। कभी-कभी यह तत्परता से आती है। अर्जुन को स्पष्टीकरण की ज़रूरत थी। हनुमान को याद करने की ज़रूरत थी। यही इस कहानी की शांत सुंदरता है। गीता एक बार बोली गई थी, लेकिन इसे कई लोगों ने सुना, कुछ ने साफ़ तौर पर, कुछ ने चुपचाप, कुछ ने हमेशा के लिए।

# पांच शिव सबक जो जिंदगी को बहुत आसान बनाते हैं



**अपने मन पर काबू पाएं:** जागरूकता पैदा करें और अपने विचारों को शांत करें। तुरंत प्रतिक्रिया करने के बजाय भावनाओं को देखने से चुनौतियाँ आसान हो जाती हैं और तनाव कम होता है।

**अनासक्ति को अपनाएं:** नकारात्मक विचारों, डर और अनावश्यक इच्छाओं को छोड़ दें। जो चीज़ें आपको थकाती हैं, उन्हें छोड़ने से मानसिक जगह और हल्कापन आता है।

**संतुलन और सादगी:** प्रयास और आराम, शक्ति और कोमलता के बीच आंतरिक संतुलन बनाए रखें। विचारों और प्राथमिकताओं को सरल बनाने से आपकी शांति और स्पष्टता बनी रहती है।

## मैं शिव हूँ। मैं शांति हूँ। मैं शक्ति हूँ।

एक मंत्र जो आत्मा की फुसफुसाहट जैसा लगता है। यह हमें बताता है कि शिव सिर्फ कैलाश पर ही नहीं, बल्कि हमारे अपने मन के शांत कोनों में भी पाए जाते हैं। उनकी बुद्धि शोर में एक मशाल है, भागदौड़ में एक ठहराव है और जब ज़िंदगी बहुत भारी लगती है, तो एक गहरी साँस है।

शिव सिर्फ एक देवता नहीं हैं। वह चेतना की एक अवस्था हैं। वह तब पूर्ण शांति का प्रतिनिधित्व करते हैं जब मन बेचैन होता है, तब अटूट शक्ति का जब दुनिया भारी लगती है, और तब आंतरिक परिवर्तन का जब जीवन विकास की मांग करता है। साथ मिलकर, ये गुण एक जीवन मानचित्र बनाते हैं जो हमें अराजकता से स्पष्टता की ओर और तनाव से शांति की ओर ले जाता है।

## सर्वप्रथम स्वमन पर काबू पाएं

शिव ध्यान में बैठते हैं क्योंकि मन ही हर चीज़ का केंद्र है। जब विचार बिखरे होते हैं, तो जीवन भारी लगता है। जब विचार स्थिर हो जाते हैं, तो जीवन सहज लगता है। सबक यह है कि जागरूकता पैदा करें। तुरंत प्रतिक्रिया करने के बजाय अपनी भावनाओं को देखें। अपने विचारों को खुद पर हावी होने देने के बजाय उन्हें धीमा करें। एक शांत मन चुनौतियों को संभालना आसान बनाता है और अनावश्यक तनाव को कम करता है।

## जिन चीज़ों की आपको ज़रूरत नहीं है, उन्हें छोड़ दें

शिव अनासक्ति की शक्ति सिखाते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि परवाह न करें। इसका मतलब है कि जो चीज़ें आपको थकाती हैं, उन्हें न ढोएं। नकारात्मक विचारों, डर, पुराने मनमुटाव और अनावश्यक इच्छाओं को छोड़ने से हल्कापन आता है। पकड़े रहने से मन पर सिर्फ़ बोझ बढ़ता है। अनासक्ति मानसिक जगह बनाती है। यह आपको उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है जो वास्तव में मायने रखती हैं। जब आप अनावश्यक चीज़ों को छोड़ देते हैं, तो जीवन आसान हो जाता है।

## अपनी आंतरिक ऊर्जा को संतुलित रखें

अर्धनारीश्वर के रूप में शिव पूर्ण संतुलन का प्रतिनिधित्व करते हैं। आधुनिक जीवन अक्सर हमें चरम सीमाओं की ओर धकेलता है। बहुत ज़्यादा काम। बहुत ज़्यादा भावनाएँ। बहुत ज़्यादा दबाव। शिव की सीख है कि संतुलित रहें। जितना समय आप प्रयास को देते हैं, उतना ही समय आराम को भी दें। शक्ति और कोमलता को साथ रखें। संतुलन भावनात्मक उतार-चढ़ाव को कम करता है और निर्णय लेने को अधिक स्पष्ट बनाता है। एक संतुलित मन तनाव को बेहतर ढंग से संभालता है। शिव बदलाव के देवता हैं। वह दिखाते हैं कि बदलाव से डरना नहीं चाहिए। बदलाव विकास की शुरुआत है। जब आप पहले से हो रही चीज़ों का विरोध करना बंद कर देते हैं, तो ज़िंदगी आसान हो जाती है। चुनौतियों से लड़ने के बजाय, उनके साथ आगे बढ़ें। उन्हें समझें। उनसे सीखें। बदलाव ताकत लाता है।

# क्या गर्मी में गर्म पानी पीना चाहिए या नहीं?

**सुबह-सुबह** गर्म पानी का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है। तेज गर्मी में ठंडा पीने की क्रेविंग ज्यादा होती है ऐसे में हम गर्म पानी पीना तो दूर देखना तक पसंद नहीं करते। लेकिन आप जानते हैं कि गर्म पानी आपकी बॉडी के हर अंग को फायदा पहुचाता है। गर्मी में सुबह उठते ही गले में कफ ज्यादा होता है, क्योंकि सुबह का समय कफ प्रकृति का होता है। हम रात भर ठंडे में सोते हैं तो रात में नाक जाम हो जाती है और सुबह उठकर अक्सर गले में खराश रहती है और रेस्पिरेटरी सिस्टम ठीक से काम नहीं करता। सुबह-सुबह कफ हटाने के लिए गर्म पानी का सेवन जादुई असर करता है। आयुर्वेद में कफ को दूर करने में गर्म पानी दवा का काम करता है। इसका सेवन करने से पाचन दुरुस्त रहता है और बॉडी के अंगों की सफाई होती है। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट आचार्य बालकृष्ण ने बताया अगर रोज गर्मी में सुबह गर्म पानी का सेवन किया जाए तो साइनस की बीमारी का इलाज किया जा सकता है। गर्म पानी का सेवन करने से पेट का अफारा दूर होता है और कब्ज का इलाज होता है। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कि गर्मी में गर्मी पानी का सेवन करने से वजन कैसे कंट्रोल रहता है और बॉडी को कौन-कौन से फायदे होते हैं।



**गर्म पानी के फायदे–** गर्म पानी जितना उबाला जाए वो उतनी ही बढ़िया औषधी बनता है। ये वात,कफ और पित्त तीनों दोषों का निवारण करता है। गर्म पानी का सेवन करने से यूरीन से जुड़ी परेशानियां दूर होती है, मल और मूत्र का विसर्जन ठीक होता है। दमा और खांसी का इलाज करने में रामबाण है गर्म पानी। गर्म पानी कफ को निकालता है और रेस्पिरेटरी सिस्टम को दुरुस्त करता है। गर्मी में गर्मी पानी का सेवन बीमारियों से बचाव करता है।

**गर्मी में गर्म पानी क्या चर्बी को जलाता है?–** गर्मी में गर्म पानी का सेवन बॉडी की चर्बी को पिघलाने में दवा का काम करता है। गर्म पानी पीने से शरीर में पित्त बढ़ता है, जो चर्बी को जलाने में मददगार साबित होता है। गर्मी में गर्म पानी पीने से वजन घटाने के साथ-साथ शरीर के अंदर जमा वसा पिघलने लगती है। गर्म पानी के साथ अगर नींबू या शहद मिलाकर पिया जाए तो और भी ज्यादा असरदार साबित होता है।

## संपादकीय

### लाचार व्यवस्था या संवेदनहीन प्रशासन, ग्रेटर नोएडा में युवराज मेहता की मौत का गुनाहगार कौन?

यह कल्पना भी तकलीफदेह है कि किसी आपदा या आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के साथ ज्यादा से ज्यादा इंसानी जान को बचाने के लिए गठित दलों की मौजूदगी के बावजूद एक युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे किसी चूक का नतीजा हो सकते हैं, लेकिन यह संभव है कि इसकी पृष्ठभूमि में ऐसी व्यवस्थागत लापरवाहियां हों, जिनकी आमतौर पर अनदेखी कर दी जाती है। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 150 में शनिवार तड़के घने कोहरे के कारण एक कार पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में सत्ताईस वर्षीय युवक की जान चली गई। इसे रोजाना होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की तरह देखा जा सकता है, लेकिन हादसे के बाद युवक की मौत से पहले जैसी स्थिति सामने आई, उससे साफ है कि आपात स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए गठित तंत्र किस दुर्दशा और लापरवाही का शिकार है। इससे ज्यादा अफसोसनाक और क्या हो सकता है कि पानी से भरे गड्ढे में अपनी कार के साथ फंसा एक युवक करीब डेढ़ घंटे तक मोबाइल की रोशनी के साथ जान बचा लेने की गुहार लगाता रहा और मौके पर मौजूद राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल तथा दमकल विभाग का दल वहीं खड़ा अपनी लाचारगी का रोना रोता रहे। खबरों के मुताबिक, बचाव दल के पास तैराक और पर्याप्त वैकल्पिक संसाधन नहीं थे। जाहिर है, युवक की मौत की मुख्य वजह हादसे के बजाय संबंधित महकमों की घोर लापरवाही, बचाव दल की अक्षमता और अपर्याप्त संसाधन थी। यह कल्पना भी तकलीफदेह है कि किसी आपदा या आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के साथ ज्यादा से ज्यादा इंसानी जान को बचाने के लिए गठित दलों की मौजूदगी के बावजूद एक युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद ऐसे आरोप भी सामने आए कि कुछ दिन पहले वहां एक ट्रक भी हादसे का शिकार हुआ था। वहां इसी तरह की दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई थी और स्थानीय लोगों ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग भी की थी। मगर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी और विभाग को इसकी जरूरत महसूस नहीं हुई कि वहां मजबूत घेरा और जोखिम के मद्देनजर संकेतक लगवा दिया जाए।

## खेत में घास काटने और पानी छोड़ने पर भिड़े दो भाई, लात-घूंसे, डंडे और पत्थर चले

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एरोड्रम थाना क्षेत्र में जमीन और फसल की मामूली बात पर दो सगे भाइयों के परिवार आपस में भिड़ गए। एयरपोर्ट रोड स्थित खेत पर हुए इस विवाद में जमकर लात-घूंसे, डंडे और पत्थर चले, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों भाइयों की शिकायतों पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, पहले पक्ष के फरियादी रविराज सिंह पिता इंद्रसिंह तंवर ने शिकायत दर्ज कराई है कि कल दोपहर जब वे घर पर थे, तब उनका छोटा भाई राहुल उर्फ कान्हा वहां आया। राहुल ने उन्हें खेत पर घास काटने जाने से मना किया। जब रविराज ने जाने की बात कही, तो राहुल भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि राहुल ने पत्थर मारकर रविराज का सिर फोड़ दिया और उनकी पत्नी के साथ भी मारपीट की। जाते-जाते आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।वहीं, दूसरे पक्ष से राहुल उर्फ कान्हा तंवर ने अपने बड़े भाई रविराज और भाभी रचना तंवर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। राहुल का आरोप है कि वह खेत पर काम कर रहा था, तभी रविराज ने खेत में पानी छोड़ दिया। राहुल ने विरोध करते हुए कहा कि अभी फूल की फसल में निंदाई का काम बाकी है, पानी छोड़ने से फसल खराब हो जाएगी। इसी बात पर रविराज और उनकी पत्नी ने राहुल को गालियां दीं और डंडे से हमला कर दिया। हमले में राहुल के सीने और पैर में चोटें आई हैं।

## जमीन विवाद सुलझाने के नाम पर 31 लाख की ठगी

इंदौर। शहर में जमीन और प्लॉट से जुड़े विवादों का निराकरण कराने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है। पारसी मोहल्ला निवासी एक शातिर आरोपी ने जमीन के मामलों को सुलझाने और लाभ दिलाने का झांसा देकर फरियादी और उसके साथियों से करीब 31.76 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, पारसी मोहल्ला निवासी शैलेंद्र उर्फ चीकू दीक्षित ने इस पूरी धोखाधड़ी को अंजाम दिया। आरोपी ने फरियादी और मामले के गवाहों को विश्वास में लिया था कि वह उनके प्लॉट और जमीन से संबंधित विवादों का निपटारा करवा देगा। इस काम के बदले और कानूनी प्रक्रियाओं में लाभ पहुँचाने का भरोसा दिलाकर आरोपी ने अलग-अलग समय पर कुल 31,76,445 रुपये की बड़ी राशि प्राप्त की।जब काफी समय बीत जाने के बाद भी जमीन के मामलों में कोई प्रगति नहीं हुई, तो पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी। आरोपी शैलेंद्र ने न तो कोई निराकरण कराया और न ही ली गई राशि वापस की। पुलिस की शुरुआती जांच में यह पाया गया कि आरोपी ने छलपूर्वक आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से ही यह पूरा जाल बुना था। इससे फरियादी और साक्षियों को भारी आर्थिक क्षति पहुँची है।

## बाड़े में गाय बांधने गई युवती से तीन रिश्तेदारों ने की छेड़छाड़

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। चंदन नगर थाना इलाके में रिश्तों को कलंकित करने वाली एक घटना सामने आई है। यहाँ एक 25 वर्षीय युवती के साथ उसके ही तीन रिश्तेदारों ने उस वक्त छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं, जब वह अपने मवेशियों को बांधने बाड़े में गई थी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता की सास के साथ भी अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सिंहासा क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि यह घटना बीते शाम की है। पीड़िता रोज की तरह अपनी गाय को घर के पास स्थित बाड़े में बांधने के लिए गई थी। वहां वह अकेली थी, जिसका फायदा उठाकर उसके रिश्तेदार विक्रम, आशू और सुभाष उसका पीछा करते हुए बाड़े के भीतर घुस आए। आरोपियों ने पीड़िता को घेर लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ शुरू कर दी।

अचानक हुए इस हमले से घबराई युवती ने शोर मचाया और किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागते हुए घर पहुँची। पीड़िता ने आपबीती अपनी सास को सुनाई, जिसके बाद जब वे आरोपियों से पूछताछ करने पहुँचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। जाते-जाते आरोपियों ने पूरे परिवार को धमकाया कि यदि इस बात की जानकारी पुलिस या किसी और को दी, तो वे उन्हें जान से खत्म कर देंगे। चंदन नगर पुलिस ने आरोपी विक्रम, आशू और सुभाष के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## ट्रांसफार्मरों से कीमती कॉपर पार्ट्स ले उड़े चोर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। लसूड़िया थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बदमाशों ने निपानिया स्थित स्काई सिटी कॉलोनी को निशाना बनाते हुए वहां लगे तीन बड़े बिजली ट्रांसफार्मरों के कीमती कॉपर पार्ट्स और अन्य महत्वपूर्ण उपकरण चोरी कर लिए। घटना का पता तब चला जब अगले दिन गार्ड सुरक्षा जांच के लिए वहां पहुँचे। पुलिस ने सिक्योरिटी इंचार्ज की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गुलमोहर रिसॉर्ट निपानिया निवासी इंद्रपाल सिंह पिता बाबू सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंद्रपाल सिंह ओमेक्स सिटी-1 के पीछे स्थित 'स्काई सिटी' में सिक्योरिटी इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि कॉलोनी परिसर में अरिहंत कंपनी के कुल 11 ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी गार्डों पर रहती है। शिकायत के मुताबिक, बीते 24 दिसंबर की सुबह 9:00 बजे तक सभी ट्रांसफार्मर सुरक्षित थे। लेकिन 25 दिसंबर की सुबह जब गार्ड चंद्रभान धाकड़ और गनमैन राजेंद्र सिंह तोमर नियमित राउंड पर निकले, तो उन्हें ट्रांसफार्मरों में छेड़छाड़ नजर आई। बारीकी से जांच करने पर पता चला कि अज्ञात बदमाशों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तीन ट्रांसफार्मरों को खोल दिया और उनके भीतर लगे कीमती कॉपर पार्ट्स व अन्य जरूरी कलपुर्जे निकाल लिए।चोरी गए उपकरणों की कीमत लाखो में बताई जा रही है। पुलिस कॉलोनी और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों के आने-जाने के मार्ग और उनके वाहनों का सुराग मिल सके।

## देवर-भाभी को किया डंडों से घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। गांधी नगर इलाके में पतंग उडाने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने देवर और भाभी पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना पटेल नगर में हनुमान मंदिर के पास हुई। पुलिस ने फरियादी अनिल बोरासी पिता रतनलाल बोरासी मूल निवासी मेरठ (उ.प्र) हाल मुकाम नटूर बाग की रिपोर्ट पर आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ छोटू पिता संतोष देवेकर निवासी रामकमल रेसीडेंसी और राजा के के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने मेरे और मेरी भाभी को पतंग उडाने की बात को लेकर गालियां दी। जब गालियां देने से मना किया कि आरोपियों ने पत्थर और डंडे से हमलाकर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी।

## आपस में भिड़े दो पक्ष, चले चाकू और डंडे

इंदौर। पलासिया क्षेत्र की एक कॉलोनी में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। एक दूसरे पर चाकू और डंडे से हुए हमले में दोनों पक्ष से 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पलासिया पुलिस के मुताबिक विवाद और चाकूबाजी की घटना गत रात 10 से 10.30 बजे के बीच चिटनीस का पूर्वा, पदमावती कॉलोनी में हुई। पुलिस ने एक पक्ष से फरियादी विनोद उर्फ विवेक पिता अनिल कैथवास निवासी चिटनीस का पूर्वा, की रिपोर्ट पर आरोपी योगेश पिता शंकरलाल कैथवास, रोहन कैथवास, रोहित कैथवास और चांदनी पति रोहित कैथवास के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने गालियां दी और विवाद कर हमला कर दिया। इस दौरान उस पर चाकू से वार कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष से पुलिस ने फरियादी मधु पति शंकर कैथवास की रिपोर्ट पर आरोपी विनोद उर्फ विवेक कैथवास निवासी चिटनीस का पूर्वा और हरीश बौरासी निवासी लालबाग के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि आरोपियो ने गालियां दी और चाकू वार कर दिया जिससे चोट लगकर खून बपने लगा। जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों पक्ष पर केस दर्ज किया है। घटना की जांच की जा रही है।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 146900 | 146800 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 297000 | 319900 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## कचरा गाड़ी वाले से विवाद में पड़ोसी को हुई गलतफहमी बुजुर्ग के सिर पर हथौड़ी से कर दिया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब गलतफहमी के चलते हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। यहाँ एक पड़ोसी ने केवल इस शंका में कि उसे गाली दी जा रही है, अपने ही पड़ोस में रहने वाले बुजुर्ग पर लोहे की हथौड़ी से हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, मॉडर्न विलेज कॉलोनी धनगुरु पैलेस निवासी 53 वर्षीय अनिल कुकरेजा पिता हरपाल दास की रिपोर्ट पर पड़ौसी विशाल पिता गयाप्रसाद चौधरी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि बीती सुबह जब नगर निगम की कचरा गाड़ी आई थी, तब कर्मचारी ने उनसे बीड़ी पीने के लिए 10-20 रुपये की मांग की। फरियादी अनिल ने जब उसे पैसे देने से मना किया और वहां से जाने को कहा, तो उनके पड़ोसी को भारी गलतफहमी हो गई। फरियादी के अनुसार, उनके घर के ऊपर पहली मंजिल पर रहने वाला आरोपी विशाल चौधरी उस वक्त अपने घर पर था। उसे लगा कि फरियादी उसे गाली दे रहे हैं। इसी गलतफहमी और गुस्से में वह गाली-गलौज करता हुआ नीचे उतरा और फरियादी पर हमला कर दिया। आरोपी के हाथ में लोहे की हथौड़ी थी, जिससे उसने फरियादी के सिर पर जोरदार प्रहार किया।

हथौड़ी के वार से बुजुर्ग फरियादी का सिर फट गया और खून निकलने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी वहां से भाग निकला।

# भोजशाला में हजारों की संख्या में सत्याग्रही पहुंचे

## सर्व हिन्दू समाज ने बसंत पंचमी शुक्रवार से पहले किया शक्ति प्रदर्शन





**धार ( सिटी ब्लास्ट, नितिन राठौर )।** राजा भोज के द्वारा बनवाई भोजशाला जिसे मां सरस्वती मंदिर कहा जाता है। प्रति मंगलवार को होने वाले सत्याग्रह मे आज हजारों की संख्या मे सर्व हिन्दू समाज के व्यक्ति शामिल हुए। शुक्रवार को आने वाली बसंत पंचमी से पहले आज बड़ी संख्या मे सर्व हिन्दू का पहुंचना, शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

आज मंगलवार को धार की भोजशाला में बसंत पंचमी से पहले माहौल मे काफी सरगर्म है,भारी भीड़ के साथ पूजा बसंत पंचमी (23 जनवरी) से ठीक पहले पड़ने वाले इस मंगलवार को हजारों की संख्या में हिंदू श्रद्धालु और संगठन के कार्यकर्ता भोजशाला पहुंचे हैं। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही परिसर में प्रवेश करना शुरू कर दिया और सत्याग्रह, हवन-पूजन के साथ सुंदरकांड का सामूहिक पाठ भी किया। आने वाली 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी पर हिंदू पक्ष और भोज उत्सव समिति का कहना है कि वे इस बार बसंत पंचमी पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक 'अखंड पूजा' करेंगे। आज के सत्याग्रह के माध्यम से उन्होंने प्रशासन को अपनी इस मांग के प्रति दृढ़ता दिखाई है। मंगलवार की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा बढ़ा दी थी। धार शहर में जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है और बड़ी संख्या मे सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इस बीच, हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 23 जनवरी को जुमे की नमाज पर रोक लगाने और हिंदुओं को विशेष रूप से अखंड पूजा की अनुमति देने की मांग की है।

## विधायक कप फुटबॉल स्पर्धा के लिए समिति का गठन

**इंदौर।** क्षेत्र क्रमांक 3 की विधायक कप जिला स्तरीय नगद राशि फुटबॉल स्पर्धा के लिए सर्वसम्मति से समिति गठित की गई । स्पर्धा संयोजक राकेश सिरसीया ने बताया कि स्पर्धा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष विनोद कल्याणे, स्पर्धा सचिव अंश सिरसीया सहसचिव विपिन चिंतामण, कोषाध्यक्ष ललित यादव, व्यवस्था प्रभारी माणक नगर, रामचंद्र चौहान, रमेश झिरवार, अशोक वर्मा, स्पर्धा प्रभारी अंकित चिराउंडे होंगे। यह स्पर्धा जिला स्तरीय नगद राशि फुटबॉल स्पर्धा करवाई जाएगी। जिसमें इंदौर जिले की चुनींदा टीमें खेलेगी स्पर्धा में नगद राशि के साथ में हर मैच में बेस्ट खिलाड़ी का इनाम एवं बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट गोलकीपर ,बेस्ट फॉरवेट ,बेस्ट हाफ और डिसिप्लिन ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। यह स्पर्धा 25 जनवरी से 1 फरवरी तक करवाई जाएगी । स्पर्धा में भाग लेने के लिए चिमन बाग मैदान पर माणक नागर, विनोद कल्याणे, विकास थापा एवं नेहरू स्टेडियम मैदान पर अंकित चिराउडे, अंश सिरसीया से संपर्क कर सकते है स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 23 जनवरी रहेगी।

## राष्ट्रीय कराते में खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन

**इन्दौर।** कराते इंडिया व म.प्र.कराते एसोसिएशन द्वारा देवास में भारत रतन राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न प्रदेशों से आए खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से प्रभावित किया। सफल खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का शुभारंभ कराते इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह पवार के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ । विशेष अतिथि के रूप में श्वेतांक वर्मा व देवास जिले के कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथि स्वागत राजेश यादव, नारायण चंदेलिया, राजेंद्र धवलपुरी, मंगलेश जायसवाल, प्रकाश यादव, विजय सोलंकी, अरविंद वर्मा ने किया । आभार विनय यादव ने माना। प्रतियोगिता के 11 उत्कर्ष खिलाड़ियों को साइकिल वितरित की गई । जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम गोरांवित किया है।

## पालदा में आज से कबड्डी का रोमांच

**इन्दौर।** मालवा कला अकादमी द्वारा जिला स्तरीय ईनामी कबड्डी स्पर्धा का भव्य आयोजन आज से हो रहा है। इस स्पर्धा को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। तीन ईमली बस स्टेण्ड के समीप मेट बीछाकर अस्थाई स्टेडियम बनाया गया है साथ ही दूधिया रोशनी के लिए अनेक टॉवर भी लगाए गए है। मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया की इस स्पर्धा में इन्दौर व अन्य शहरो की पुरूष व महिला वर्ग मे अनेक टीमें हिस्सा लेगी। स्पर्धा में नगद इनाम भी रखे गए है। इस तीन दिवसीय स्पर्धा का शुभारंभ शाम 7 बजे विधायक गोलू शुक्ला, समाजसेवी गिरीश जैन, शिक्षाविद् स्वप्नील कोठारी, सुरेश सितलानी के आतिथ्य में किया जाएगा। इस स्पर्धा को लेकर पालदा क्षेत्र में विशेष उत्साह है। मालवा कला अकादमी का उद्देश्य देशी खेलो को बढ़ावा देना है, इसीलिए पिछले वर्ष कुश्ती के सफल आयोजन के बाद अब भव्य स्तर पर कबड्डी स्पर्धा आयोजित की जा रही है। स्पर्धा के दौरान खिलाडीयों को उच्च स्तर की सुविधाएं प्रदान की जाएगी। दर्शकों के लिए भी विशेष बैठक व्यवस्था की गई है। इस स्पर्धा को अनुभवी निर्णायकों की टीम संचालित करेगी।

# नोवाक जोकोविच ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



## ऐसा करने वाले टेनिस इतिहास में बने पहले पुरुष खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** टेनिस का लोकप्रिय टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया ओपन 2026 खेला जा रहा है। इसका हिस्सा सर्बिया के लीजेंड खिलाड़ी नोवाक जोकोविच भी हैं। नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2026 में शानदार शुरुआत की है। उन्होंने पेड्रो मार्टिनेज को पहले राउंड में आसानी से हराते हुए अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। जोकोविच ने पेड्रो को 6-3,6-2,6-1 से मेलबर्न में हराया। बता दें कि जोकोविच अपने रिकॉर्ड तोड़ 25वें ग्रैंड स्लैम की तलाश में हैं। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने इतिहास रच दिया है।

**नोवाक जोकोविच ने रचा इतिहास**-दरअसल, नोवाक जोकोविच ने मेलबर्न में 100 मुकाबले जीतकर इतिहास रच दिया है। वह तीन अलग सर्फेस पर 100-100 मुकाबले जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। सर्बिया के जोकोविच ने विंबलडन और फ्रेंच ओपन में 100-100 मैच जीते हुए हैं।

जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2026 में भाग लेने से पहले एडिलेड में हुई प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया। इसकी वजह है कि जोकोविच फ्रेश रह पाएं। साथ ही कार्लोज अल्काराज और यानिक सिनर जैसे प्लेयर्स को चुनौती दे पाएं।

जोकोविच ने दिया बड़ा बयान

नोवाक जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को हराने के बाद कहा, 'मैं क्या कह सकता हूं? सेंचूरियन सुनने में अच्छा लग रहा है। सेंचूरियन बनना और इतिहास रचना एक अच्छी फीलिंग और मोटीवेशन है। खासकर, पिछले 5 से 10 सालों में मेरे करियर के, जब मैं इतिहास रचने की स्थिति में एक बार आता हूं तो मुझे और भी बेहतर टेनिस खेलने की प्रेरणा मिलती है और यही मैंने किया है।

उन्होंने आगे कहा, अपने करियर की शुरुआत में ही मुझे सौभाग्य से ऐसे लोगों से मिलने का मौका मिला जिन्होंने मुझे लंबी सोच रखने, जल्दी हार न मानने, अपनी बॉडी और दिमाग का ख्याल रखने और जितना हो सके उतना लंबा करियर बनाने की सीख और मार्गदर्शन दिया। इस लेवल पर खेल पाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है और आज रात यहां एक और जीत मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।

## मप्र ट्रायथलान संघ के चुनाव में तिवारी को अध्यक्ष की बागडोर

**इन्दौर।** इन्दौर रेसीडेंसी क्लब में म.प्र. ट्रायथलान संघ की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन 2026 से 2030 की अवधि हेतु सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया हेतु माजिद खान सेवा निवृत विधि अधिकारी म.प्र. राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषन ब्यूरो भोपाल को निर्वाचन अधिकारी के रूप में एवं राजेश चौबे परिवेक्षक म.प्र. ओलम्पिक संघ तथा ओ.पी.अवस्थी भारतीय ट्रायथलान संघ की ओर से उपस्थित रहे, जिनकी देख रेख में विधि अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न करायी गयी। नवीन निर्वाचित पदाधिकारी में संरक्षक पूजा पाटीदार, चेयरमेन विजयपाल सिंह विधायक, सोहागपुर, अध्यक्ष श्रीकान्त तिवारी, उपाध्यक्ष जे. पी. सक्सेना, हरीश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, शेखर तिवारी चुने गए। सचिव की बागडोर उमा शंकर व्यास निभाएंगे। कोषाध्यक्ष एस. एन. पंडित है। सहसचिव ओ. पी. अवस्थी, गोवर्धन यादव, प्रभु मूलचंदानी, रघुवीर तिवारी है। कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत रजक, सुधीर नेमा, कमलेश पांडे, तनवीर हलीम, आयुष दुबे है। चयनीत पदाधिकारियों को म.प्र. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदौला विधायक, महासचिव दिग्वजय सिंह, इन्दौर जिला तैराकी संघ अध्यक्ष राजकुमार राठौर एवं सचिव सत्यम द्विवेदी, कय्युम पठान, संजू जाधव, अमितेश तिवारी ने बधाई दी।

# विशाल, किशोर, विपिन, प्रमोद व संध्या को खिताब



**इंदौर।** मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा आयोजित द्वितीय राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में इंदौर के विशाल जोशी, किशोर मोटवानी, विपिन पंडित, प्रमोद सोनी, ग्वालियर के एस.टी. दहीवासे तथा महिला वर्ग में संध्या सोमानी (भोपाल) ने अपने-अपने वर्गो में स्वर्णीम सफलता हासील की। अभय प्रशाल में आयोजित की गई मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा के फायनल मुकाबलो में पुरुष 40 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग में विशाल जोशी (इंदौर) ने मनिष जोशी (इंदौर) को 3-0 से हराया।

अन्य फायनल मुकाबलों में पुरुष 50 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग में किशोर मोटवानी (इंदौर) ने जितेन्द्र जावरी (जबलपुर) को 3-0 से मात दी। पुरुष 60 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग में एस.टी. दहीवासे (ग्वालियर) ने आशिष श्रीवास्तव (उज्जैन) को 3-0 से परास्त किया। पुरुष 65 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग में विपिन पंडित (इंदौर) ने विभूति शर्मा (इंदौर) को 3-2 से शिकस्त दी।

पुरुष 70 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग में प्रमोद सानी ने संतोष कौशिक (दोनो इंदौर) को 3-0 से हराकर खिताब जीता। महिला वर्ग के संघषपूर्ण फायनल मुकाबले में संध्या सोमनी (भोपाल) ने संध्या पटवा (इंदौर) को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वही पुरुष युगल वर्ग में विशाल जोशी व मनोज शर्मा की जोडी ने नितीन खाब्या व राहुल जैन (दोनो इंदौर) को 3-1 से तथा मिश्रित युगल आयु वर्ग में किशोर मोटवानी व नीता वैष्णव की जोडी ने विशाल जोशी व रश्मि सोनी (दोनो इंदौर) को 3-0 से परास्त कर खिताबी सफलता अर्जित की। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन से जयेश आचार्य, रिंकु आचार्य, नीलेश वेद, वेटरंस कमेटी के अध्यक्ष मधुर शर्मा व सचिव गौरव पटेल उपस्थित थे। संचालन धरम बंजारा ने किया व आभार आर.सी. मोर्या ने माना।

## पहली बार म.प्र. ने जीती कूच बिहार ट्रॉफी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की अंडर 19 टीम ने पहली बार कूच बिहार ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है । रोमांचक फाइनल में मध्य प्रदेश ने गुजरात को 6 विकेट से हराया । गुजरात ने पहली पारी में 38 रन की बढ़त ली थी लेकिन मध्य प्रदेश ने उन्हें दूसरी पा-री में 133 पर आउट कर जीत के लिए आवश्यक 172 रन चार



विकेट खोकर बना लिए । अंडर 16 टीम से चुने गए कुशाग्र नागर ने 71 रन बनाए । यशवर्धन सिंह ने पूरी स्पर्धा में 550 रन बनाए और 57 विकेट लिए । उन्हें स्पर्धा का मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया । मध्य प्रदेश टीम के प्रशिक्षक सुनील धौलपुरे और कप्तान मनल चौहान थे।

## इंदौर ताइक्वांडो स्पर्धा का शुभारंभ



**इन्दौर।** ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर एवं स्पोर्ट्स क्लब व बीजिंग विंग के तत्वाधान में नेक्सस इंदौर सेंट्रल मॉल में इंदौर ताइक्वांडो स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा का शुभारंभ विश्वामित्र अवार्डी वीरेंद्र पवार, अंतरररष्ट्रीय ताइक्वांडो कोच मिथिलेश कैम-रे, वर्ल्ड पैरा ताइक्वांडो पदक विजेता पिंकी दुबे, और डायरेक्टर अंशुल जैन द्वारा किया गया। इस स्पर्धा में इंदौर के अंडर 14, 17, और 19 आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं ने भाग लिया। मुख्य निर्णायक की भूमिका पीयूष चौरसिया, सागर वर्मा, मनस्वी वेद, और अनिकेत देलवार ने निभाई। प्रतियोगिता का संचालन कनक मकवाना और आयुषी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अमित परिहार ने माना। स्पर्धा में शिव्या शुक्ला, एलिना शर्मा, अवनीश जैन, आरोही त्रिवेदी, श्रीनिका तिवारी, बकुल पाटिल, लक्षिता गमे, अथर्व शर्मा, आरुष आवले, दीक्षांत कश्यप, ईशा मालवीय, वैभव बागुल इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन स्वर्ण पदक जीते।

## कुश्ती में संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद हुआ टीम का चयन




**इंदौर।** खेलो एमपी के लिए इंदौर जिले की टीम का चयन कड़े मुकाबलों के बाद हुआ। जिला कुश्तीसंघ के अध्यक्ष विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि इंदौर टीम में फ्री-स्टाइल में आयुष अग्रवाल, हिरीश सिसौदिया, हितेश कुशवाहा, रोहित यादव, हितेश, सोहेल कुरेशी, सिद्धार्थ जोशी, आदर्श यादव, कुणाल कश्यप, आर्यन यादव । ग्रीकोरोमन में सुशांत जादव, गोपाल यादव, अली पठान, हिमांशू राठौर, महेश राठौर, प्रथ्वी जोशी, आशुतोष यादव, पलश बाघमोरे, वंश पाल, मोहम्मद रजा ने जीते।

महिला-लक्ष्मी जरिया, भूमिका कुशवाह, चाहत पाल, प्राची जोशी, जान्हवी राठौर, माही कौशल, अनुष्का बोरासी, श्रेया बौरासी। टीम के साथ कोच गोविंद गुर्जर, अरविंद पटेल, केजेश यादव, रिंकू यादव, मनीष मोहाले, कपिल येगाडगे होंगे।

सभी मुकाबले अंदर 20 जूनियर वर्ग में हुए । इसके विजेता पहलवान उज्जैन में 28 से 30 जनवरी तक खेलो मध्य प्रदेश युवा गेम्स में भाग लेंगे। ओलंपियान पप्पू यादव,विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री,सुरेश यादव ने बधाई देकर बेहरीन प्रदर्शन की उम्मीद की।

## दंगल में हुए रोचक मुकाबले



**इंदौर।** बलभीम व्यायामशाला बाणगंगा इंदौर द्वारा गोविंद सिंह एवं हरिहर पांडे की स्मृति में भव्य कांटा दंगल का आयोजन कुम्हारखाडी कुश्ती स्टेडियम पर किया गया । इसमें एक से बढ़कर एक मुकाबले खेले गए प्रमुख मुकाबले में बल्लू भिंड ने मोहित हरियाणा को पराजित किया । रोहित प्रजापत ने विजय मलिक को यशपाल ने दीपांशु को पराजित किया । अन्य मुकाबलों में श्रवण कौशल व हरिओम पूरी एवं अंकुश यादव व हनुमान देवास का मुकाबला बराबरी पर छुटा जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया । पुरस्कार वितरण विधायक रमेश मेंदोला ने किया । इस दौरान आकाश विजयवर्गीय, दीपू यादव, सिद्धार्थ बंते यादव, नंदकिशोर पहाड़िया, निबूलाल यादव उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत दंगल संयोजक दयाल यादव (एकलव्य अवॉर्डी) भगवान सिंह आदित्य पांडे ने किया। संचालन विजय भाटिया, सूरज पाल ने किया । निर्णायक सत्यजीत यादव ने किया अंत में आभार आयुष श्रीकांत यादव ने माना।



## कोदरिया में मार्शल आर्ट्स शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एलेट स्पोर्ट्स अकादमी के सानिध्य में एवं राधिका पंचोले के नेतृत्व में महू के कोदरिया ग्राम में कराते कोशिकी मार्शल आर्ट्स एवं फेंसिंग का शिविर राधिका महिला ग्रह उद्योग के सहयोग से आयोजित किया गया। स्कूल के प्रतियोगी विद्यार्थी प्रतीक मालवी, देवश्री पटेल, धनक कौशल, यतीश वमा, पीयूष प्रजापत, आदित्य पटेल, प्रिया सेनी, अदिति पटेल शामिल है।

## हिमांशु, आरोन एवं कुशाग्र की उम्दा पारी से स्टार क्लब की विशाल जीत

**इन्दौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत स्टार क्लब एवं एसएलएफ के मध्य मैच खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरो में 5 विकेट खोकर 295 रन बनाये । कुशाग्र पाटीदार ने 78 रन, हिमांशु गुर्जर ने 73 रन, आरोन वर्मा ने 58 रन तथा रित्वीक चौधरी ने 42 रन बनाये । रूद्र व आराध्य ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एसएलएफ की टीम 48 ओवरो में सभी विकेट खोकर 107 रन ही बना पाई और यह मैच 182 रनों के विशाल अंतर से हार गई। मोहम्मद असेन ने सर्वाधिक 38 रन बनाये। प्रज्जवल शर्मा ने 3 विकेट तथा देव, अमोघ एवं हिमांशु ने 2-2 विकेट लिये ।



### एसवीसीए की शानदार जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसवीसीए एंव इंदौर कोल्टस के मध्य खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए 36 ओवरो में सभी विकेट खोकर 133 रन बनाये । कोई भी बल्लेब-ाज उल्लेखनीय प्रदर्शन नही कर सका । कर्वव्य सिंह ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्टस की टीम 22 ओवरो में 61 रनों पर सिमट गई और यह मैच 72 रनों से हार गई । अक्षत परदेशी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट एवं लक्ष्य लोधवाल ने 3 विकेट लिए ।

### श्रीराम स्पोर्ट्स की आसान जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोर्ट्स एवं एमवायसीसी के मध्य खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए 36 ओवरो में मात्र 79 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये। रूद्र मुकाती ने सर्वाधिक 32 रन बनाये। शिवांक जोशी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 26 रन देकर 5 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोटस की टीम ने 30 ओवरो मे 4 विकेट खोकर 82 रन बना लिये और यह मैच 6 विकट से आसानी से जीत लिया । सर्वाधिक 33 रन यश शुक्ला ने बनाये ।



## तिविषा और हर्षवर्धन को दोहरी सफलता

**मेहर, मिश्का, श्रेया, पहल, अदविक, किआरा, लवांश, रिद्धिमा को भी खिताब**

**इंदौर ।** सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 17वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमि-टन स्पर्धा में तिविषा जैन ने 13वर्ष बालिका एकल और रिद्धिमा सूद के साथ 15वर्ष बालिका युगल एवं हर्षवर्धन सिंह ने 13और 15वर्ष बालक एकल खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। 17वर्ष बालिका एकल में मिश्का गुप्ता, 17 वर्ष बालक एकल में मेहर आंनद, 15वर्ष बालिका एकल में उज्जैन की श्रेया अंग्रवाल, 11वर्ष बालक वर्ग में धार के अदविक जैन और 11वर्ष बालिका वर्ग में पहल चढोकर विजेता रही । खंडवा की किआरा दासगुप्ता ने 9वर्ष बालिका और धार के लवांश पटोदिया ने 9वर्ष बालक (कोंपल) आयु का खिताब जीता ।

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हुई इस स्पर्धा में तिविषा जैन और हर्षवर्धन सिंह को वरिष्ठ पत्रकार राहुल बारपुते स्मृति सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार मिला, नायशा पुरोहित को विशेष पुरस्कार दिया गया। अपराध शाखा पुलिस अधीक्षक, साइबर विशेषज्ञ राजेश दंडोतिया के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ । अजय शुक्ला, डा कविता कोठारी, डा डी के श्रीवास्तव , धर्मेश यशलहा, अंकित शुक्ला और हर्ष सरग भी मौजूद थे । विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी और इनामी राशि दी गई । एकल सेमीफाइनल खेले सभी खिलाड़ियों, सफल युगल जोड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

# बुजुर्ग के प्लॉट पर किया कब्जा

## गुमटी तोड़कर दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में दो सगे भाइयों ने एक 75 वर्षीय बुजुर्ग के मालिकाना हक वाले प्लॉट पर जबरन कब्जा कर लिया। आरोपियों ने न केवल प्लॉट पर बनी गुमटी को ध्वस्त कर दिया, बल्कि विरोध करने पर बुजुर्ग को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस के मुताबिक, स्कीम नंबर 74 निवासी बुजुर्ग शिवशंकर पिता गौरीशंकर अत्रे (75) ने आरोपी लीलाधर चौधरी और उसके भाई नरेंद्र चौधरी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। फरियादी के मुताबिक, तुलसी नगर में उनका एक भूखंड (प्लॉट) स्थित है, जिस पर उनका लंबे समय से आधिपत्य और स्वामित्व है। सुरक्षा के लिहाज से उन्होंने वहां एक गुमटी भी बनवा रखी थी।शिकायत में बताया गया कि पिपल्याकुमार निवासी आरोपी लीलाधर चौधरी और उसके भाई नरेंद्र चौधरी की नजर इस कीमती जमीन पर थी। आरोपियों ने जमीन हड़पने की नीयत से अवैध रूप से प्लॉट में प्रवेश किया और वहां बनी गुमटी को तोड़कर उसे जमींदोज कर दिया। जब बुजुर्ग ने अपनी संपत्ति पर हो रहे इस अवैध कब्जे और तोड़फोड़ का विरोध किया, तो आरोपी भाइयों ने उनके साथ अभद्रता की और शोर मचाने या पुलिस के पास जाने पर जान से मारने की धमकी दी।

# जमीन पर पानी फेरने को लेकर विवाद में पीटा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक बुजुर्ग के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने वजन करने वाले बाट (पांचसेरी) से बुजुर्ग के मुंह पर हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। पुलिस के मुताबिक, ग्राम टोड़ी में मंदिर के पास रहने वाले दिलीप सिंह पिता बापूजी सोनगरा ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी दिलीप सिंह ने बताया कि उनका विवाद गांव के ही मुकेश पिता सरदार से चौकीदारी की जमीन पर पानी फेरने की बात को लेकर हुआ था। आरोपी मुकेश इसी बात को लेकर उग्र हो गया और बुजुर्ग के साथ सरेराह गाली-गलौज करने लगा। ?जब दिलीप सिंह ने उसे अपशब्द कहने से मना किया और शांति से बात करने को कहा, तो आरोपी ने आव देखा न ताव और पास ही रखी दूध नापने/वजन करने वाली लोहे की 'पांचसेरी' उठाकर उनके मुंह पर दे मारी। इस हमले में बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई हैं और उनके चेहरे से काफी खून बहने लगा। मारपीट के बाद आरोपी मुकेश ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग निकला। क्षिप्रा पुलिस ने आरोपी मुकेश के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# युवक की करंट लगने से मौत

## बोरिंग कार्य के दौरान छत्तीसगढ़ का युवक हुआ हादसे का शिकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**तिल्लौर खुर्द क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ बोरिंग मशीन पर काम करने आए एक 30 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक काम के दौरान लघुशंका के लिए खेत की ओर गया था, जहाँ वह जमीन पर फैले बिजली के खुले तारों की चपेट में आ गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है कि इस घटना में लापरवाही किसकी थी।**

मृतक की पहचान शंकर पिता समारु (30), निवासी छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है। शंकर एक बोरिंग मशीन पर मजदूरी का काम करता था और इन दिनों तिल्लौर खुर्द क्षेत्र में एक किसान के खेत पर बोरिंग का काम चल रहा था। बताया जा रहा है कि काम के बीच में शंकर लघुशंका जाने के लिए खेत के एक कोने की तरफ बढ़ा। वहां बिजली के तार खुले पड़े थे, जिनका संपर्क संभवतः जमीन या गीली घास से था। अंधेरे या अनजाने में शंकर का पैर उन तारों पर पड़ गया और वह जोरदार करंट की चपेट में आकर अचेत होकर गिर पड़ा।काफी देर तक जब शंकर वापस नहीं लौटा, तो मशीन पर ही काम कर रहे उसके चाचा और अन्य साथियों ने उसकी तलाश की। शंकर को खेत में बेसुध पड़ा देख साथी उसे तुरंत निजी वाहन से एमवाय अस्पताल लेकर पहुँचे। हालांकि, अस्पताल में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रेलवे स्टेशन से चोरी का किया पर्दाफाश

## डेढ़ लाख से अधिक का माल बरामद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



मामला 12 जनवरी का है जब कटना जिले के निवासी योगेंद्रसिंह नर्मदा एक्सप्रेस में कटनी से इंदौर की यात्रा कर रहे थे। उनके बैग में लेपटॉप, मोबाइल और अन्य सामान था। इंदौर स्टेशन पर पहुंचने के बाद उन्होंने प्लेटफार्म की बेंच पर बैग रखकर पानी पीने गए और आए तो बैग गायब मिला। काफी देर ढूंढ़ने के बाद उन्होंने जीआरपी थाना में बैग गायब होने की शिकायत की थी। रिपोर्ट के बाद जीआरपी ने प्रकरण दर्ज करते ही विवेचना शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए और मुखबिर की सूचना के बाद संदेही दीपक खेलवाल पिता विजय सिंह खेलवाल उम्र 37 वर्ष नि. ग्राम नागली थाना इच्छावर जिला सांवेर इंदौर से सख्ती से पूछताछ की तो उसने घटना को कबूल कर लिया। आरोपी के पास से करीब 1.50 लाख रुपए का गुम हुआ सामान भी बरामद किया गया, जिसमें मोबाइल, लेपटॉप शामिल है।

# महज 250 रुपये के उधार पर युवक के सीने में घोंपा चाकू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कनाड़िया थाना क्षेत्र में उधार के रुपयों के मामूली विवाद में एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना बीती रात करीब 11:50 बजे अग्रवाल स्कूल के गेट नंबर 10 के पास स्थित एक कबाड़ की दुकान पर हुई। यहाँ आरोपी ने पीड़ित के सीने पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है, जबकि आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित करण देवले निवासी मूसाखेड़ी ने बताया कि उसने आरोपी शुभम उर्फ शम्भू चौहान की मां से 250 रुपये उधार लिए थे। इसी रकम की मांग को लेकर शुभम ने करण को रोका और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब करण ने गालियां देने का विरोध किया, तो आरोपी ने मारपीट करते हुए अपनी कमर से चाकू निकाला और करण के सीने पर दे मारा। हमले के बाद आरोपी ने करण को जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग निकला। कनाड़िया पुलिस ने आरोपी शुभम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# महिला ने एसिड पीकर दी जान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** देहात इलाके गौतमपुरा में एक महिला द्वारा पति से चल रहे अनबन के चलते घर में रखा एसिड पी लिया। गंभीर हालत में उसे इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान अरुणा पति उमेश (30) निवासी गौतमपुरा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ समय से अरुणा और उसके पति उमेश के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद चल रहा था। इसी कलह से परेशान होकर अरुणा ने खौफनाक कदम उठाते हुए एसिड का सेवन कर लिया। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी, तो परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर भागे, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।मृतिका का एक बेटा है, जिसके सिर से अब मां का साया हमेशा के लिए उठ गया है। अरुणा के पति उमेश आईडीएफसी बैंक में फाइनेंस सेक्टर में कार्यरत हैं।

# दिव्यांग युवक के लिए काल बना अलाव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए खेत पर आग ताप रहा एक दिव्यांग युवक अनियंत्रित होकर अलाव में जा गिरा। गंभीर रूप से झुलसने के कारण उसे एमवाई अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ कई दिनों तक मौत से संघर्ष करने के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। राऊ पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुनील पिता राम चौहान के रूप में हुई है। घटना बीते 16 जनवरी की रात करीब 2 बजे की है। सुनील खेत के पास ठंड से बचने के लिए अलाव जलाकर बैठा था। परिजनों के मुताबिक, सुनील दोनों पैरों से दिव्यांग था, जिसके कारण उसे चलने-फिरने में कठिनाई होती थी। जब वह अलाव के पास से उठने की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे जलती आग पर जा गिरा। गिरने के कारण उसके पहने हुए जैकेट ने तुरंत आग पकड़ ली।हादसे के वक्त सुनील खेत पर अकेला था। उसने मदद के लिए शोर मचाया, जिसे सुनकर आसपास के लोग और पड़ोसी मौके पर पहुँचे और कड़ी मशक्कत के बाद उसे आग से बाहर निकाला। हादसे में सुनील का सीना और गला गंभीर रूप से झुलस गए थे। उसे तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ कल उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



आग तापने के दौरान संतुलन बिगड़ने से झुलसा, मौत

# पुराने विवाद में परिवार पर हमला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** सदर बाजार इलाके में पुराने विवाद में आरोपियों ने एक परिवार पर हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने 4 लोगों पर केस दर्ज किया है। सदर बाजार पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना गणेश मंदिर के पास जूना रिसाला में हुई। घायलों के नाम प्रदीप पिता प्रेमचंद देलवार और दीपाली देलवार हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ईश्वरलाल, सोनाबाई, नितिन और सुजल निवासी हरिजन मोहल्ला जूना रिसाला के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के साथ पुराना विवाद चल रहा है। उसी को लेकर आरोपियों ने फिर से विवाद किया और गालियां दी। जब उन्हें गाली देने से मना किया तो लात-घंसों से मारपीट की। इससे चोंट आई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।